
yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 161 ● कटनी ● गुरूवार, 13 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास कृष्ण पक्ष 9 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

**आज का मौसम**
आज सुबह का तापमान
26 .4 डिसे

दोपहर 12 बजे तक
28 डिसे
मानसून सक्रिय

## तोमर अकेले में महिला पहलवानों की बृजभूषण सिंह से कराता था मुलाकात
**गलत कामों में देता था साथ!**

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहायक सचिव विनोद तोमर की मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं. 6 महिला पहलवानों की ओर से लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप के बाद दिल्ली पुलिस ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के साथ तोमर के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल की है. चार्जशीट में बताया गया है कि विनोद तोमर पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की तरह तरह से मदद करते थे।

# रौद्र रूप में आई यमुना
## दिल्ली में केजरीवाल के घर तक पहुंचा पानी

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

आधे भारत में भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बने हुए हैं। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी तबाही हुई है। वहीं दिल्ली में भी यमुना का जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंच गया है। यमुना और घग्गर नदी के जल स्तर में लगातार बढ़ोतरी के चलते दिल्ली और हरियाणा के बड़े इलाके बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। यह पानी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निवास और दिल्ली सचिवालय तक पहुंच गया है। जलस्तर ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया है। जिसकी वजह से यमुना का पानी सड़कों पर आ गया है। दिल्ली में यमुना का जलस्तर 208.41 पहुंच गया है। जिसके बाद कई सड़कों पर पानी आ गया है। जिसके बाद दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कई सड़कों को बंद कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने यमुना में जलस्तर बढ़ने के बाद इन रूट्स को बंद कर दिया है। आशंका जताई जा रही है कि आज दिल्ली में यमुना का पानी 208.75 मीटर के स्तर पर पहुंच सकता है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने लोगों से खतरनाक इलाकों से दूर रहने की सलाह दी है। लोग बाढ़ का पानी देखने और सेल्फी लेने न जाएं।पंजाब के फिरोजपुर जिले में बाढ़ से प्रभावित 30 से अधिक गांवों में जिला प्रशासन सेना और बीएसएफ की मदद से बचाव अभियान चला रहा है।



### विधायक को महिला ने जड़ा थप्पड़

इसी बीच हरियाणा के एक गांव में बाढ़ का जायजा लेने पहुंचे जेजेपी विधायक ईश्वर सिंह को एक महिला ने थप्पड़ जड़ दिया। केवल जिले में बुधवार को विधायक एक गांव में पहुंचे थे। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें महिला उनको थप्पड़ मारने के बाद बुरा भला कह रहा रही है। महिला को कहते सुना जा सकता है कि च्अब क्यों आए हो?महिला के थप्पड़ मारने के बाद उनके साथ मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल ऐक्शन लिया। वहीं गांव के लोगों ने भी महिला की इस हरकत की निंदा की है। खिर सिंह ने बताया, महिला ने मेरे ऊपर हाथ उठा दिया। वह एकदम उत्पीड़न की तरह था। हमने इसकी लेकर शिकायत दर्ज करवाई है। इस तरह की हरकत उचित नहीं है।

### हरियाणा के 10 जिले बाढ़ की चपेट में, आठ की मौत

यमुना का पानी हरियाणा प्रदेश के तीन और जिलों सोनीपत, फरीदाबाद और पलवल में घुस गया है। अब हरियाणा के 10 जिले पंचकूला, यमुनानगर, अंबाला, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र और पानीपत बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। बाढ़ और जलभराव से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में आठ लोगों की मौत हो गई।





**वीर सपूत संगीत चौधरी की शहादत को नमन**

### एक करोड़ की सम्मानित सहायता दे मप्र सरकार :तन्खा

■ जबलपुर, यशभारत।

जबलपुर के मड़ई निवासी 27 वर्षीय वीर शहीद सपूत संगीत चौधरी जो पिछले दिनों लद्दाख बॉर्डर पर शहीद हो गए थे । राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा द्वारा उनकी शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया गया तथा मध्यप्रदेश सरकार से परिवार को 1 करोड़ रू सम्मानित सहायता देने की माँग रखी, जो प्रदेश सरकार की नीति के अन्तर्गत है । यूँ तो दिवंगत परिवार का घाटा कभी नहीं पूरा किया जा सकता,



परंतु परिवार को आर्थिक मदद ज़रूर देगी।श्री तन्खा ने ट्वीट में कहा कि वीर शहीद सपूत चौधरी का बलिदान अत्यंत दु:खद है। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत शहीद को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिजनों को गहन दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। मेरी संवेदनायें शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। सांसद तन्खा की ओर से की गई पहल सराहनीय है।

## » न्यूज गैलरी

### रतलाम-बाजना रोड पर चलती कार में लगी आग

■ रतलाम, एजेंसी।

ग्राम पलसोड़ी के पास से गुजर रहे एटलेन के समीप रतलाम-बांसवाड़ा टू लेने के ब्रिज के समीप चलती कार में आग लग गई। आग में सवार तीन लोग आग फैलने के पहले ही नीचे उतर कर दूर चले गए थे। वहां से गुजर रहे पलसोड़ी के पूर्व सरपंच विकास पारगी ने गांव से पानी का टैंकर बुलवाकर आग बुझवाई, लेकिन तब तक कार बुरी तरह जल चुकी थी। पारगी ने बताया कि बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे मुकेश पुत्र धन्नालाल निवासी जूनी कलाल सेरी व उनके दो साथी कार में गढ़खंखई माताजी से रतलाम जा रहे थे। तभी ब्रिज के पास कार में आग लग गई।

### भगोड़े नीरव मोदी की जब्त संपत्ति को बेचेगा पीएनबी

■ मुंबई, एजेंसी।

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने बुधवार को मुंबई की एक विशेष अदालत के समक्ष आवेदन दायर कर भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की 71 करोड़ रुपये की संपत्ति की बहाली की मांग की। नीरव मोदी पर बैंक से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। पीएनबी ने अदालत से बकाया राशि का एक हिस्सा वसूलने के लिए जांच एजेंसियों द्वारा जब्त की गई संपत्तियों को बहाल करने का आग्रह किया है।नीरव मोदी को दिसंबर 2019 में भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया था। आरोप है कि नीरव मोदी और उसके चाचा मेहुल चोकसी ने क्रेडिट सुविधाओं के जरिए पीएनबी से 14,000 करोड़ रुपये का घोटाला किया है। घोटाला सामने आने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत नीरव और उसके परिजनों को संपत्ति को कुर्क कर लिया था।

### नकली बाल लगाकर दूसरी शादी करने पहुंचा दूल्हे को जमकर कूटा

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

दूल्हे की पिटाई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से शेयर किया जा रहा है। मामला बिहार के गया जिले का है। जहां एक दूल्हा नकली बाल लगाकर दूसरी शादी करने पहुंचा था। पर भैया, लास्ट मोमेंट पर दूल्हे की पोल खुल गई, जिसके बाद लड़की वालों ने उसे जमकर पीटा। इसी दौरान किसी ने दूल्हे का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर शेयर किया जा रहा है। दूल्हा लोगों से हाथ जोड़कर विनती करता भी नजर आया, पर मजाल है किसी ने उसकी एक भी सुनी हो। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना डोभी थाना अंतर्गत बजौरा गांव की बताई जा रही है। दूल्हा इकबाल नगर का था। वह शादी करने विग (नकली बाल) लगाकर पहुंचा था। सबकुछ ठीक चल रहा था। लेकिन तभी लड़की वालों पता चला कि दूल्हे की ये दूसरी शादी है और वह गंजा है। इसके बाद हंगामा मच गया और लड़की वालों ने दूल्हे को घेर लिया और फिर उसकी पिटाई कर दी। इस वीडियो को ट्विटर पर @Satya Sangam LKO नाम के हैंडल से पोस्ट किया गया।वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि लड़की वाले दूल्हे से विग के बारे में बार-बार पूछते हैं।

## फ्रांस-यूएई दौरे पर रवाना हुए पीएम मोदी



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

प्रधानमंत्री तीन दिन की विदेश यात्रा पर गुरुवार सुबह फ्रांस रवाना हो गए। यात्रा के दूसरे चरण में पीएम यूएई भी जाएंगे। शुक्रवार 14 जुलाई को पेरिस में नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की बीच अहम मुलाकात होगी। प्रधानमंत्री मोदी अपनी छठी फ्रांस यात्रा के लिए 13 जुलाई को पेरिस पहुंचेंगे। उनकी यात्रा का एक अहम पहलू फ्रांस की बास्टी दिवस परेड में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होना है, लेकिन दोनों नेताओं की द्विपक्षीय वार्ता का एजेंडा भी काफी व्यापक है। दोनों देशों के बीच कुछ अहम रक्षा सौदों की घोषणा होने की संभावना है।कई मायनों में प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा की तुलना हाल ही में संपन्न उनकी अमेरिका यात्रा से की जा रही है। जिस तरह अमेरिका के बाइडन प्रशासन ने प्रधानमंत्री मोदी का जबर्दस्त तरीके से स्वागत किया और संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए कई सारे कदम भी उठाए, उसी तरह पेरिस में भारतीय प्रधानमंत्री का स्वागत भी किया जाएगा और भारत-फ्रांस के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए जाएंगे।

## एक ही परिवार के चार लोगों ने की खुदकुशी
### फंदे पर लटके मिले दंपती के शव

■ भोपाल, यशभारत।



शहर के रातीबड़ थाना इलाके में एक परिवार द्वारा सामूहिक खुदकुशी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मरने वालों में पति-पत्नी के अलावा दो बच्चे भी शामिल हैं। घर के एक कमरे में दंपती के शव फंदे पर लटके मिले। वहीं बच्चों को जहर देने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें कर्ज से परेशान होने का जिक्र है। फांसी लगाने से पहले दंपती ने सुसाइड नोट को रिश्तेदारों के मोबाइल पर वाट्सएप, टेलीग्राम एप के जरिए भेजा था, जिसमें कर्ज की वजह से जान देने की बात लिखी गई है। फिलहाल पुलिस ने चारों शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।इस मामले में फोन हैक कर ब्लैकमेलिंग की बात भी सामने आ रही है। चार पेज के सुसाइड नोट में लिखा है- मेरे परिवार को माफ कर दें। मैं मजबूर हूं। शायद हमारे जाने के बाद सब अच्छा हो जाएगा। मेरा सभी से यही निवेदन है कि हमारे जाने के बाद मेरे परिवारवालों को लोन के लिए परेशान न किया जाए। न ही किसी रिलेटिव, कलीग को परेशान किया जाए। मैं अपने पापा जी, मम्मी जी, बाबू जी, अम्मा जी, तीनों बहनों, बड़े भैया, अन्नु दी, दोनों साली... सभी से माफी से माफी मांगता हूं। हमें माफ कर दें। हमारा साथ बस यहीं तक था। हमारी दूसरी इच्छा है कि हमें सामूहिक दाह संस्कार करें। पोस्टमॉर्टम न किया जाए, ताकि हम चारों साथ रहें। सॉरी फॉर एवर लिखकर परिवार ने स्माइल करते हुए इमोजी भी बनाई है।

## ...तो रद भी हो सकते हैं बंगाल पंचायत चुनाव के नतीजे!
### कोलकाता हाई कोर्ट बोला- याचिकाओं पर फैसले से होगा तय

■ कोलकाता, ईएमएस।



कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव और इसके परिणामों की घोषणा मतदान के दिन चुनावी धांधली होने के आरोपों से जुड़े विषयों की सुनवाई के सिलसिले में उसके (अदालत के) अंतिम आदेश पर निर्भर करेगी। संकेत है कि पंचायत चुनाव के नतीजे रद भी हो सकते हैं। अदालत ने राज्य चुनाव आयोग, राज्य सरकार और केंद्र सरकार को चुनावी धांधली के आरोप लगाने वाली तीन याचिकाओं पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट ने कहा, 'चुनाव प्रक्रिया और इसके परिणामें की घोषणा इस रिट याचिका में पारित हो सकने वाले आदेशों पर निर्भर करेगी।' अदालत ने निर्देश दिया कि आयोग को उन सभी उम्मीदवारों को इस पहलू की सूचना देनी चाहिए, जिन्हें विजेता घोषित किया गया है।

**दवा कंपनियों पर केंद्र सरकार का बड़ा एक्शन**

## 50 फर्मों का लाइसेंस रद तो 31 का प्रोडक्शन बंद

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

भारत सरकार दवा निर्माता कंपनियों के खिलाफ इन दिनों सख्त कार्रवाई कर रही है. इसी कड़ी में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने एक बैठक के दौरान दवा बनाने वाली फर्म कंपनियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि फार्मा प्रोडक्ट्स की हाई क्वालिटी बनाए रखने के लिए रेगुलेटरी अथॉरिटी ने प्लांटों का जोखिम-आधारित निरीक्षण और ऑडिट शुरू किया है. उन्होंने कहा कि इसके तहत हाल ही में 137 फर्मों का निरीक्षण किया गया और 105 फर्मों के खिलाफ कार्रवाई की गई है. जिसमें से 31 फर्मों में उत्पादन बंद कर दिया गया है और 50 फर्मों के खिलाफ उत्पाद/अनुभाग लाइसेंस रद्द करने और निलंबन जारी किए गए हैं।



### 73 फर्मों को जारी किया गया कारण बताओ नोटिस

पीआईबी की रिपोर्ट के मुताबिक 73 फर्मों को कारण बताओ नोटिस तथा 21 फर्मों के खिलाफ वॉर्निंग लेटर जारी किये गए हैं. डॉ. मनसुख मांडवि ने भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) को नकली दवा बनाने वाली सभी दवा निर्माता कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. उन्होंने जोर देकर कहा, च्भारत में निर्मित दवाओं की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा.ज्ज उन्होंने कहा कि दवा बनाने वाली कंपनियों का निरीक्षण करने के लिए विशेष दस्ते बनाए गए हैं और कड़ी कार्रवाई की गई है. मंगलवार को केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया ने इस मामले पर कई दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. इस बैठक में एमएस एस अपर्णा, सचिव (फार्मा), डॉ. राजीव रघुवंशी, डीसीजीआई और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में भाग लिए. इसके अलावा आईडीएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विरंची शाह और अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग की तैयारी पूरी
### तिरुपति वेंकटचलपति मंदिर पहुंचे वैज्ञानिक, मिशन की सफलता के लिए की पूजा

■ हैदराबाद, एजेंसी।



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) जल्द ही चंद्रयान- 3 लॉन्च करने जा रहा है। सफल लॉन्च की प्रार्थना के लिए इसरो वैज्ञानिक की एक टीम चंद्रयान-3 के छोटे मॉडल को लेकर तिरुपति वेंकटचलपति मंदिर पहुंची। आंध्र प्रदेश के तिरुपति वेंकटचलपति मंदिर में इसरो वैज्ञानिकों ने पूजा-अर्चना की। बाद में उन्होंने छोटे मॉडल को दिखाते हुए कहा कि यह चंद्रयान-3 है। इसे कल लॉन्च किया जाएगा। बता दें, इसरो ने हाल ही में घोषणा की थी कि इसरो चंद्रयान के तीसरे मिशन को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 14 जुलाई को दोपहर बाद 2:35 बजे लॉन्च करेगा। इससे पहले मंगलवार को इसरो ने चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक चंद्रमा पर उतारने का पूर्वाभ्यास किया था। इसरो की ओर से एक ट्वीट में बताया गया था कि लॉन्च की पूरी तैयारी और प्रक्रिया का डमी रूप में 24 घंटे का पूर्वाभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) बहुप्रतीक्षित मिशन चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग 14 जुलाई को करेगा। चंद्रयान-3 का फोकस चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंड करने पर है। इससे पहले इसरो ने दो मिशनों- चंद्रयान -1 और चंद्रयान-2 को लांच किया था, लेकिन ये दोनों सतह पर लैंड नहीं हो सके थे।

## तुम यहां मुझे गाली दो, मैं वहां पूजा करूं
### ममता बनर्जी की कांग्रेस-सीपीएम को सीधी चेतावनी

कोलकाता, एजेंसी। राष्ट्रीय स्तर पर भले ही तृणमूल कांग्रेस-कांग्रेस- सीपीएम साथ नजर आ रहे हों, लेकिन पश्चिम बंगाल में तीनों दलों में दरारें बढ़ती नजर आ रही हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ चेतावनी दे दी है कि वह विपक्षी एकता के चलते दोनों दलों को लेकर कुछ नहीं कहना चाहती हैं। साथ ही उन्होंने राज्य में पंचायत चुनाव के दौरान हुई हिंसा के जिम्मेदारों में भारतीय जनता पार्टी के अलावा इन दोनों दलों क नाम शामिल किया है।

**राम, शाम और वाम हैं जिम्मेदार!**

सीएम बनर्जी विपक्षी एकता की बातचीत का हवाला देकर कांग्रेस और सीपीएस के बारे में खुलकर बोलने से बच रही हैं। बुधवार को उन्होंने आरोप लगाए राम शाम और वाम यानी भाजपण कांग्रेस और सीपीएम बंगाल में हुई हिंसा के जिम्मेदार थे। आंकड़े बताते हैं कि पंचायत चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है।

### दिल्ली में दो ट्रकों की सीधी टक्कर में 4 कांवड़ियों की मौत

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

GT करनाल हाइवे (ह्वा-44) पर देर रात बड़ा हादसा हुआ है। एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया। फिर दूसरे साइड चला गया। उधर से कांवड़ियों को लेकर आ रहे ट्रक से सीधी टक्कर हुई। मिली जानकारी के अनुसार, 4 कांवड़ियों की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार, ट्रक में 20-23 कांवड़ यात्री सवार थे। कुल 15 लोग घायल हुए हैं और 4 की मौत हो गई। बाकी यात्रियों का पता लगाया जा रहा है।

# टमाटर ने छीनी रिश्ते की लाली
### पति ने बिना पूछे सब्जी में डाल दिए , आग बबूला पत्नी ने दिया जिंदगीभर का दर्द

■ भोपाल, यशभारत।

टमाटर की बढ़ी हुई कीमतों ने रसोई का स्वाद बिगाड़ने के बाद अब पति-पत्नी के रिश्तों में खटास डालना शुरू कर दिया है. यकीन करना मुश्किल है, लेकिन ये अजीबो-गरीब मामला शहडोल के बेम्हौरी से सामने आया है. यहां एक पति ने बिना पत्नी से पूछे 2 टमाटर सब्जी में डाल दिए. इस बात से नाराज पत्नी बिना बताए घर छोड़ कर चली गई. वह अपने साथ अपनी बेटी भी लेकर चली गई है. पत्नी के घर छोड़ने से पति का बुरा हाल हो गया है. अब वह पुलिस के चक्कर काट रहा है. वह पुलिस से पत्नी को वापस लाने की गुहार लगा रहा है. इस मामले में पुलिस का कहना है कि फरियादी शख्स की पत्नी का पता चल गया है. वह नाराज होकर अपनी बहन के घर उमरिया चली गई है. बेम्हौरी निवासी संजीव वर्मा ने बताया कि मैं एक छोटा सा ढावा चलता हूं. इसके अलावा टिफिन का भी काम करता हूं. तीन दिन पहले टिफिन में देने के लिए घर में सब्जी पक रही थी, तभी मैंने पत्नी से बिना पूछे उसमें 2 टमाटर काट कर डाल दिए. इतना देखते ही पत्नी आग बबूला हो गई. वह झगड़ने लगी कि टमाटर इतना मंहगा है और तुमने 2 टमाटर सब्जी में डाल दिए. इसी बात से हम दोनों के बीच झगड़ा होने लगा।



### शख्स ने सुनाई आपबीती

शख्स ने बताया कि, झगड़ा होने के बाद मैं धनपुरी थाने पहुंच गया. मैंने पुलिस को बताया है कि पत्नी सुबह वाली बस में बैठकर कहीं चली गई है. वह अपने साथ बेटी को भी ले गई है. अब मैं उसे वापस लाने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन वो टमाटर डालने वाली बात को लेकर ज्यादा खफा है. पुलिस के सामने पति संजीव वर्मा ने कसम खाकर शपथ ली कि अब जब तक टमाटर के दाम सामान्य नहीं हो जाते वह उनका इस्तेमाल सब्जी में नहीं करेगा. बस पुलिस उसकी पत्नी को बेटी समेत वापस बुलवा दे. टमाटर के बढ़े दाम को लेकर पति पत्नी के बीच हुए इस विवाद की चर्चा अब पूरे प्रदेश में हो रही है।

## यही हो रहा है...सुको का जरा भी सम्मान नहीं?
### जब UP के सरकारी अफसरों से कोर्ट हुआ नाराज

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



उत्तर प्रदेश के सरकारी अफसरों के प्रति सुप्रीम कोर्ट ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सरकारी अधिकारियों के मन में देश की शीर्ष अदालत के प्रति जरा भी सम्मान नहीं है. दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे कुछ कैदियों की सजा में छूट के संबंध में उसके निर्देशों के अनुपालन में करीब एक साल की देरी पर गहरी नाराजगी जताते हुए यह टिप्पणी की. इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के गृह सचिव को तलब भी करने की बात कही। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि अगर यदि अधिकारी याचिकाकर्ताओं की समय पूर्व रिहाई के सभी लंबित आवेदनों पर चार सप्ताह में फैसला नहीं करते हैं, तो राज्य के गृह विभाग के प्रमुख सचिव 29 अगस्त को अगली सुनवाई के दिन कोर्ट में मौजूद रहेंगे. सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कहा कि सिफारिशों के बाद सजा में छूट पर अंतिम निर्णय राज्यपाल को लेना होता है. कोर्ट का राज्यपाल को डेडलाइन देना सही नहीं होगा। हालांकि, इस पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा, 'कोई भी कानून से ऊपर नहीं है. ऐसे लोग भी हैं, जो करीब 30 वर्षों से परेशान हैं. पिछले साल 16 मई को हमने तीन महीने में निर्णय लेने का निर्देश दिया था. तब भी प्रशासन ने कई कैदियों की याचिका पर अभी तक फैसला नहीं किया है. बरेली जेल में बंद याचिकाकर्ता कैदियों ने बिना छूट 14 साल से अधिक की वास्तविक सजा पूरी कर ली थी. सुप्रीम कोर्ट ने एडिशनल एडवोकेट जनरल अर्धेंदुमौली कुमार प्रसाद से कहा कि आपके राज्य में यही हो रहा है. आपके अफसर जितना अनादर दिखा रहे हैं, हमें लगता है कि कुछ कठोर कदम उठाने होंगे. पिछले साल कोर्ट पहुंचने वाले 42 दोषियों में से कई को हाईकोर्ट ने माफी याचिका पर फैसले तक रिहा या बरी कर दिया था. सात आवेदन अब भी लंबित हैं।

# स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फारेंसिंक एंड हेल्थ के निदेशक-प्रोफेसर का व्यवहार ठीक नहीं

## छात्रों ने कुलपति से की शिकायत

**जबलपुर, यशभारत। देश के एक मात्र स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फारेंसिंक एंड हेल्थ के छात्र-छात्राएं अपने ही संस्थान की निदेशक और असि. प्रोफेसर के व्यवहार को लेकर इन दिनों खासे परेशान है। अपने साथ हो रहे पक्षपात को लेकर सोमवार को इन पीड़ित छात्रों ने एक जुट होते हुए विवि के कुलपति प्रो. डॉ. एसपी तिवारी से न्याय की गुहार लगाई।**

बताते हैं कि विवि के कुलपति प्रो. डॉ. तिवारी सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एसडब्ल्यूएफएच सेंटर में एक कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। यहां पर बैठक लेने के बाद जब वे बाहर निकले तो एमवीएससी के छात्रों ने उनसे आग्रह किया कि वे कुछ समय दें। उनके आग्रह पर बंद कमरे में कुलपति ने सभी छात्र-छात्राओं के साथ चर्चा की। सूत्रों की मानें तो सभी छात्रों ने कुलपति के सामने अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए आरोप लगाए कि संस्थान की निदेशक व असि. प्रोफेसर द्वारा




पक्षपात व्यवहार किया जा रहा है। छात्रों ने जानकारी दी कि असि. प्रोफेसर द्वारा उनके ही नीचे काम कर रहे छात्र को ही फील्ड विजिट और सैंपलिंग के कार्य भेजा जाता है। शेष छात्रों को कहीं भी नहीं जाने का मौका दिया जाता है। इस पर कुलपति डॉ. तिवारी ने कहा कि वे इस मामले में सभी अधिकारियों से बात करेंगे। विवि में किसी भी छात्र के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### समन्वय बनाकर काम करें, राजनीति से कुछ नहीं होगा

बताया जा रहा है कि कुलपति के पास जब निदेशक और प्रोफेसर की शिकायत पहुंची तो कुलपति भड़क गए उन्होंने छात्रों व निदेशक और प्रोफेसर को समझाईश देते हुए कहा कि सभी समन्वय बनाकर काम करें राजनीति से कुछ नहीं होगा।

## युवाओं के सपनों को पंख लगाएगी 'सीखो, कमाओ योजना' :योगेंद्र

जबलपुर, यशभारत। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने बीते 4 जुलाई को जिस 'सीखो कमाओ योजना' का शुभारंभ किया है, वह एक अद्भुत और अभूतपूर्व योजना है। युवाओं के हित में इस तरह की योजना पहले कभी लागू नहीं की गई। यह योजना युवाओं के सपनों को पंख लगा देगी। युवा मोर्चा इस योजना को नीचे तक पहुंचाने और इसका लाभ प्रदेश के युवाओं तक पहुंचाने के लिए जुलाई माह में विशेष अभियान चलाएगा। यह बात भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष श्री योगेंद्र सिंह ठाकुर ने बुधवार को पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने इस योजना को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान को युवाओं की ओर से धन्यवाद भी दिया। युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष श्री योगेंद्र सिंह ने कहा कि सीखो कमाओ योजना उन युवाओं के लिए वरदान साबित होने वाली है, जो कुछ सीखकर अपने आपको सक्षम बनाना चाहते हैं,

# अध्यापक होने लगे सेवानिवृत्त ?

## चार वर्षों में भी नहीं हो पाया वरिष्ठता का निर्धारण शिक्षा विभाग में फैली अराजकता से अध्यापक परेशान

जबलपुर , यशभारत। चार वर्षों में भी वरिष्ठता का निर्धारण नहीं हो पाया है जिससे अध्यापक परेशान हैं। म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के शिक्षक / अध्यापक प्रकोष्ठ ने के प्रांताध्यक्ष मुकेश सिंह ने बताया कि 01 जुलाई 2018 के पश्चात अध्यापक संवर्ग को नवीन संवर्ग में उच्च माध्यमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक के पद पर राज्य सेवा में शामिल किया गया है। किन्तु वर्ष 1998 से नियुक्त अध्यापक संवर्ग के लोक सेवकों की लगभग 21 वर्षो की वरिष्ठता के संबंध में कोई निर्णय नहीं किया गया है। वरिष्ठता का नियुक्ति दिनांक से निर्धारण न होने से अध्यापकों क्रमोन्नति, वरिष्ठ वेतनमान, समयमान वेतनमान, एवं सेवा निवृत्त हो रहे अध्यापक संवर्ग के लोक सेवकों को अहर्ता दायी सेवायें न होने के कारण उपादान में भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। शासन द्वारा अध्यापक संवर्ग के 21 वर्षो की सेवाओं को दरकिनार करते हुए 01 जुलाई 2018 से राज्य सेवा में माना जा रहा है। जहां पूर्व में शासन द्वारा स्पष्ट कहा गया था, कि नियुक्ति दिनांक की वरिष्ठता दिनांक होगी वहीं अध्यापकों की वरिष्ठता नजर अंदाज करने की जा रही है। संघ के योगेन्द्र मिश्रा, सुनील राय,



मनीष चौबे, मनोज सेन, श्याम नारायण तिवारी, राकेश दुबे, मनीष लोहिया, महेश कोरी, प्रणव साहू, विष्णु पाण्डे, आन्नद रैकवार, मो0 तारिख, धीरेन्द्र सोनी, गणेश उपाध्याय, विनय नामदेव, प्रियांशु शुक्ला, राकेश पाण्डे, विजय कोष्टी मनीष शुक्ला, सुदेश पाण्डे, संतोष तिवारी, सतीश पटैल, विजय कोष्टी, सोनल दुबे, देवदत्त शुक्ला, ब्रजेश गोस्वामी, नितिन शर्मा, संजय श्रीवास्तव, आदित्य दीक्षित आदि ने माननीय मुख्यमंत्री से मांग की है कि अध्यापकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाये ।

# वार्ड में नहीं होने देंगे जलप्लावन



जबलपुर, यशभारत। महाराजा अग्रसेन वार्ड के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल लगातार अपने वार्ड के लोगों की समस्याओं को त्वरित गति से सुलझाने में लगे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने उत्तरमध्य विधानसभा अंतर्गत महाराजा अग्रसेन वार्ड घड़ी चौक में जलप्लावन की समस्या को दूर करने के लिए नाले - नालियों की सफ़ाई सूपर सकर मशीन से करवाई एवं रोड का निरीक्षण भी किया गया।

# नगर की गौतमी साउथ कोरिया रवाना

## ISSF जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में दिखाएगी दमखम

जबलपुर, यशभारत। गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी जबलपुर की राइफल शूटर गौतमी भनोत ढ्ढस्स्न्न जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चांगवान साउथ कोरिया रवाना हो गयी हैं। वर्ल्ड चैंपियनशिप में गौतमी



10 मीटर एयर राइफल एकल , मिक्स्ड टीम एवं टीम इवेंट में भाग लेंगी। गौतमी अब तक 4 अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुकी है ,जिसमें से 2 स्वर्ण पदक हाल ही में हुए ढ्ढस्स्न्न जूनियर वर्ल्ड कप जर्मनी में जीते थे। चार साल में एक बार होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेकर गौतमी के पास वर्ल्ड चैम्पियन बनने का अवसर होगा। गौतमी गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी के अंतर्राष्ट्रीय कोच श्री निशांत नथवानी के मार्गदर्शन में 5 वर्षों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

# शहीद संगीत सूर्यवंशी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

## मां भारती के अमर सपूत को देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान के रूप में जाना जायेगा - महापौर

जबलपुर, यशभारत। देश की सीमा लेह लद्दाख में तैनात जबलपुर के वीर सपूत संगीत सूर्यवंशी का राजकीय सम्मान के साथ ग्वारीघाट मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय संगीत लेह लद्दाख में जनरल रिजर्व इंजीनियरिंग फोर्स (जीआरईएफ) में पदस्थ थे। वे अपनी टीम के साथ लेह से तकरीबन 300 किमी दूर नौयमा में तैनात थे। बताया जा रहा है कि 9 जुलाई को पेट्रोलिंग के दौरान दोपहर लगभग 1 बजे उनके सीने में तेज ए दर्द उठा और वे अचानक बेहोश हो गए। टीम के जवान उन्हें तत्काल उठाकर कैंप में पहुँचे। लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जबलपुर के मड़ई निवासी 27 वर्षीय वीर शहीद सपूत संगीत सूर्यवंशी का निधन संस्कारधानी के साथ-साथ परिवारजनों के लिए



अत्यंत हृदयविदारक है। मॉ भारती के अमर सपूत संगीत सूर्यवंशी का यह देश के प्रति बलिदान सर्वोच्य बलिदान कहलायेगा। मैं परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करता हूॅ कि दिवंगत अमर शहीद को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिजनों को गहन दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। उक्त विचार आज महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा जबलपुर के मड़ई निवासी 27 वर्षीय अमर शहीद संगीत सूर्यवंशी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के दौरान व्यक्त किये गए। इस अवसर पर महापौर श्री अन्नू ने कहा कि जबलपुर का लाल देश की रक्षा करते शहीद हुआ है। हम सब मॉ भारती के सपूत संगीत सूर्यवंशी के बलिदान को अक्षुण बनाकर रखेगें और परिजनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस दुख की घड़ी में खड़े रहेगें।

## विधायक कप बेन्च प्रेस पावर लिफ्टिंग एवं पंजा कुश्ती प्रतियोगिता कल

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर में 15 जुलाई को विधायक कप बेन्च प्रेस पावर लिफ्टिंग एवं पंजा कुश्तीप्रतियोगिता का आयोजन दशमेश द्वार, प्रेम नगर गुरूद्वारा, मदन महल में किया जा रहा है। महाकोशल क्रीडा परिषद के संरक्षक एड. प्रशांत मिश्रा ने बताया कि पश्चिम क्षेत्र के विधायक तरूण भनोत एवं गौरव भनोत द्वारा आयोजित विधायक कप प्रतियोगिता में शहर के लगभग 600 प्रतिभागी भाग लेगें। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरूष सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर्स एवं दिव्यांग प्रतिभागी भाग लेगें। इस प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजयी हुए प्रतिभागी को नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। सभी भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आयोजक द्वारा एक-एक टी शर्ट भी दी जाएगी।

# केले एवं पपीते के पौधे लगा कर दिया पर्यावरण संरक्षित करने का संदेश

जबलपुर, यशभारत। रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा पर्यावरण के महत्व को प्रतिपादित करते हुए रॉयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों के साथ केले एवं पपीते के पौधों का रोपण किया गया। निर्वाचित प्रांतपाल अखिल मिश्र ने पौधों का जिम्मा बच्चों को सौंपने के आग्रह के साथ पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया। क्लब अध्यक्ष रवि वैश्य ने भविष्य में अन्य फलों के पौधारोपण का आश्वासन दिया। नर्सरी एवं केजी के बच्चों को बिस्कुट वितरण किया गया। शाला संचालक



श्रीमती वर्षा चौहान ने रोटरी का धन्यवाद दिया। पूर्व अध्यक्ष पीके वैश्य, सारंग भिड़े, अनुराग जैन गढ़ावाल, रोहित माटा, नरेंद्र बत्रा, राकेश गिदरोनिया, अनंत अग्रवाल, के के अग्रवाल, अचिंत्य चौहान, श्रीमती गुंजन जैन आदि सदस्य उपस्थित थे।



## वीर शासन जयंती पर अछार सजाओ प्रतियोगिता

जबलपुर, यशभारत। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद मननमति शाखा रांझी चन्दना संभाग द्वारा वीर शासन जयंती पर अछार सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी बहनों ने सुंदर सुंदर अछार सजाए एवं सभी को पुरस्कार वितरित किए गए।

# न मैनेजर न स्टाफ सिर्फ प्यून चला रहा सोसायटी

## व्हीएफजे को आपरेटिव सोसायटी पर तीन साल से प्रशासक के भरोसे

जबलपुर यशभारत।शहर के सुरक्षा संस्थानों में से एक व्हीएफजे सोसायटी एक मात्र ऐसी सोसायटी है जहां न मेनेजर है न कोई स्टाफ सोसायटी के सभी कर्मचारी रिटायर हो चुके हैं सिवाय एक चपरासी के।इतना ही नहीं जब सभी संस्थानों की सोसायटी में चुनाव संपन्न किए जा चुके हैं, वहीं व्हीएफजे सोसायटी के चुनाव नहीं होने से सदस्यों के प्रतिनिधि और प्रबंध समिति भी नहीं है।

बताया जाता है कि तीन साल पहले चुनी गई समिति का कार्यकाल समाप्त हो गया था।लिहाजा 15दिन में चुनाव प्रक्रिया पूरी कराने के लिए संयुक्त पंजीयक( सहकारिता )की ओर से प्रशासक नियुक्त किया गया था। लेकिन कतिपय आपत्तियों और परिस्थितियों को लेकर सोसायटी के चुनाव टलते रहे।इसी बीच सोसायटी के मेनेजर से लेकर लिपिक स्टाफ सेवानिवृत्त हो गया।जानकारी के अनुसार प्रबंधन कमेटी को ही कर्मचारियों की नियुक्ति का अधिकार है लेकिन प्रबंधन समिति न होने से कर्मचारियों की भर्ती नहीं हो पाई।फलस्वरूप मात्र एक चपरासी ही वहां स्टाफ के रूप में है।वर्तमान में सोसायटी को प्रशासक द्वारा तदर्थ रूप में नियुक्त किए गए कर्मचारियों के माध्यम से चलाया जा रहा है।

जानकारों का कहना है कि सोसायटी का करीब40 करो? रुपये का टर्न ओवर प्रति वर्ष है।प्रबंधन समिति न होने से सदस्यों के हित के नीतिगत फैसले नहीं हो पा रहे हैं और न ही समिति को चलाने के लिए प्रबंधक सहित स्टाफ की भर्ती भी नहीं हो पा रही है।जिससे सदस्यों में अपनी पूंजी को लेकर चिंता व्याप्त है। विगत दिनों व्हीएफजे की दो यूनियनों ने सन संयुक्त पंजीयक सहकारिता के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर सोसायटी के चुनाव जल्द कराने और नियुक्त प्रशासक की अनियमितताओं को लेकर ज्ञापन सौंपा था।जिसमें चेतावनी दी गई थी कि यदि एक सप्ताह में सोसायटी चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किए गए तो तीव्र आंदोलन होगा।



# बिलहरी क्षेत्र में सीजीएचएस डिस्पेंसरी

**जबलपुर यशभारत** । शहर के बिलहरी तिलहरी में सीजीएचएस की नई डिस्पेंसरी खोलने की मांग को वरिष्ठ नागरिक परिषद ने अपर निदेशक सीजीएचएस को ज्ञापन सौपंते हुए कहा कि वर्तमान में केंट से लगे बिलहरी तिलहरी में एक नई टाउनशिप विकसित हो चुकी है।जहां हजारों की संख्या में डिफेंस से सेवानिवृत्त के साथ सीजीएचएस लाभार्थी निवास कर रहे।लेकिन उन्हें अपना इलाज कराने के लिए 8-10किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।जबकि अनेक लाभार्थी 80 वर्ष से ऊपर के हैं उनके लिए बै कष्टकारी है। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए इलाज सीजीएचएस की संचालित मात्र 6 औषधालय में होता है । जबकि संख्या के आधार पर जबलपुर में 15 डिस्पेंसरी होना चाहिए। वरिष्ठ नागरिक परिषद के अध्यक्ष काजल विश्वास ने बताया कि जबलपुर के केंद्रीय पेंशनर्स के अन्य संगठनो ने जबलपुर के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों में सीजीएचएस डिस्पेंसरी की शाखायें खोले जाने की मांग लगातार कर रहे है । चूंकि जबलपुर में पेंशनर्स व लाभार्थियों की संख्या बहुत ही अधिक है जो शहर के विभिन्न दूर दराज ग्रामीण आवासीय क्षेत्रों में रहते हैं ऐसे लाभार्थियों को यातायात की असुविधा बहुत होने के कारण समय पर इलाज से वंचित हो जाते है । वरिष्ठ नागरिक परिषद जबलपुर के अध्यक्ष काजल विश्वास, सचिव दिव्यकान्त निगम, गुरमुख दास,घनश्याम चौकसे, अनिल शुक्ला आदि ने कहा है कि 7 वीं डिस्पेंसरी बिलहारी, तिलहरी में खोले जाने का ज्ञापन महानिदेशक के साथ सांसद और विधायक को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# एनपीएस समाप्त कराने सांसद के निवास पर बजायेंगे घंटी

## एनएमओपी के सहसंयोजक नीरज त्रिपाठी ने किया आव्हान

जबलपुर यशभारत। न्यू पेंशन स्कीम को समाप्त कराने के लिए आगामी 1 से 9 अगस्त तक देश भर में सांसदों के निवास पर जाकर घंटी बजाओ आंदोलन किया जायेगा।उक्त जानकारी एनएमओपी के सहसंयोजक नीरज त्रिपाठी ने दी है।हाल ही में जीसीएफ एन0डीएनजीएस एसोसिएशन के सक्रिय पदाधिकारी नीरज त्रिपाठी को नेशनल मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन(एनएमओपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु ने डिफेंस सह संयोजक के पद पर नियुक्त किया है।इस मौके पर जी0सी0एफ0 श्रमिक संघ (मिले हाथ) के यूनियन आफिस में श्री त्रिपाठी का सम्मान किया गया। यूनियन



के अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल एवं महामंत्री राकेश रजक ने श्री त्रिपाठी का सम्मान करते हुए आशा जताई कि श्री त्रिपाठी के नेतृत्व में पुरानी पेंशन का आंदोलन सफलता के मुकाम पर पहुंचेगा। प्रति उत्तर में श्री त्रिपाठी ने भी कहा कि सबके सहयोग से आंदोलन तीव्र और सफल होगा।उन्होंने आगामी 1 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाले एनपीएस के विरोध प्रदर्शन शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर यूनियन एसोसिएशन के मनोज धर्मजन, अजय कुंवर, राजेन्द्र वर्मा, रविन्द्र कनौजिया, रमेश शर्मा, हेमंत,शिव कुमार,मनीष पांडे, किशोर यादव, रूपेश शर्मा, संदीप कटरे, गौरीशंकर सहित यूनियन के अनेककार्यकर्ता उपस्थित थे।






















# शासकीय सेवकों को कर्मयोगी बनाएगी सरकार

## महिला स्वसहायता समूह वसूलेंगी टोल टैक्स



**भोपाल यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को विधानसभा में कैबिनेट की बैठक आयोजित हुई। इसमें शासकीय सेवकों की क्षमता निर्माण के लिए मध्य प्रदेश क्षमता निर्माण नीति 2023 को स्वीकृति दी। इसके अलावा दो करोड़ से कम आय वाले टोल टैक्स के बैरियर का संचालन महिला स्वसहायता समूह से कराने का भी निर्णय लिया गया। वहीं, 8 नवीन शासकीय महाविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी गई।

बैठक में प्रदेश के शासकीय सेवकों की क्षमता निर्माण के लिए मध्य प्रदेश क्षमता निर्माण नीति-2023 को स्वीकृति दी। राज्य की नवीन क्षमता निर्माण नीति 2023 भारत सरकार द्वारा लागू मिशन कर्मयोगी की अवधारणा एवं विशेषताओं को सम्मिलित करते हुए और क्षमता विकास आयोग के सदस्य से परामर्श प्राप्त करते हुए तैयार की गई है। इसमें प्रत्येक विभाग के बजट में, वेतन मद में उपलब्ध बजट की एक प्रतिशत राशि से नया बजट शीर्ष मिशन कर्मयोगी बनाया जायेगा। साथ ही प्रशासन अकादमी के बजट में राशि 10 करोड़ रूपये से मिशन कर्मयोगी के नाम से नया बजट शीर्ष भी बनाया जायेगा।

भारत सरकार की राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति वर्ष 1996 के संदर्भ में राज्य की वर्तमान प्रशिक्षण नीति को 11 जुलाई 2001 को लागू किया गया था। भारत सरकार की वर्तमान राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति 19 जनवरी 2012 को लागू की गई, लेकिन राज्य की प्रशिक्षण नीति में अभी तक कोई परिवर्तन नहीं किया गया था। प्रदेश की वर्तमान प्रशिक्षण नीति लगभग 22 वर्ष पुरानी हो चुकी है, जबकि शासकीय सेवकों के भर्ती के तरीके, सूचना प्रौद्योगिकी का शासकीय कार्यों में उपयोग, विभिन्न कानूनों में परिवर्तन इत्यादि कारणों से नवीन प्रशिक्षण नीति की आवश्यकता महसूस की गई। राज्य की नयी प्रशिक्षण नीति तैयार करने के लिये महानिदेशक, प्रशासन अकादमी द्वारा सेवानिवृत्त एवं अनुभवी प्रशासनिक एवं तकनीकी परामर्शी विशेषज्ञों से परामर्श लिया गया।कैबिनेट ने महिला स्व-सहायता समूह द्वारा उपभोक्ता शुल्क संग्रहण के लिये नीति को स्वीकृति दी। कैबिनेट ने महिला स्व-सहायता समूह को अधिक सक्षम एवं उपभोक्ता शुल्क (टोल) संग्रहण में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये यह निर्णय लिया। निर्णय अनुसार पूर्व में उपभोक्ता शुल्क संग्रहण की स्वीकृति प्राप्त मार्गों में से दो करोड़ से कम वार्षिक संग्रहण आय वाले मार्गों पर उपभोक्ता शुल्क महिला स्व-सहायता समूह द्वारा एकत्रित किया जाएगा। ऐसे मार्ग के चयन के लिये मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम को अधिकृत किया गया है।

### ग्राम रोजगार सहायक के मानदेय पर राशि व्यय करने की स्वीकृति

कैबिनेट ने ग्राम रोजगार सहायक के भरे पद एवं रिक्त पदों की पूर्ति किये जाने पर 18 हजार रूपये प्रतिमाह की दर से मानदेय के लिये आवश्यक अतिरिक्त वार्षिक राशि 274 करोड़ 95 लाख रूपये व्यय करने की अनुमति दी। यह राशि योजना क्रमांक 4610 स्टाम्प शुल्क वसूली या योजना क्रमांक 6299 गौण खनिज मद से व्यय की जायेगी। वहीं, नवीन समरसता छात्रावास योजना में स्कूल शिक्षा विभाग के छात्रावासों के संचालन, मरम्मत आदि कार्य किये जाने की स्वीकृति दी। योजना में विभाग द्वारा संचालित सभी छात्रावास सभी वर्गों के लिये उपलब्ध हैं।

### मध्यप्रदेश क्षमता निर्माण नीति-2023 का अनुमोदन

मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के शासकीय सेवकों की क्षमता निर्माण के लिये मध्यप्रदेश क्षमता निर्माण नीति-2023 का अनुमोदन किया। राज्य की नवीन क्षमता निर्माण नीति 2023 भारत सरकार द्वारा लागू मिशन कर्मयोगी की अवधारणा एवं विशेषताओं को सम्मिलित करते हुए और क्षमता विकास आयोग के सदस्य से परामर्श प्राप्त करते हुए तैयार की गई है। इसमें प्रत्येक विभाग के बजट में, वेतन मद में उपलब्ध बजट की एक प्रतिशत राशि से नया बजट शीर्ष मिशन कर्मयोगी बनाया जायेगा। साथ ही प्रशासन अकादमी के बजट में राशि 10 करो? रूपये से मिशन कर्मयोगी के नाम से नया बजट शीर्ष भी बनाया जायेगा।

## आइये हम सब मिलकर अपने शहर को स्वच्छता में नंबर 01 बनाएं - महापौर



**भोपाल(ईएमएस)।** महापौर श्रीमती मालती राय ने आव्हान किया है कि शहर के सभी नागरिक स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के तहत निर्धारित गतिविधियों में सक्रिय तौर पर भाग ले और स्वच्छता में सहभागिता के साथ ही अधिक से अधिक सिटीजन फीडबेक देकर अपने शहर को स्वच्छता में नंबर 01 बनाए। महापौर श्रीमती राय ने यह आव्हान कोलार रोड स्थित मान सरोवर डेंटल कॉलेज में आयोजित स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम में उपस्थितजन से किया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती राय ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के विभिन्न घटकों विशेषकर सिटीजन फीडबेक के संबंध में जानकारी दी। महापौर श्रीमती मालती राय ने मंगलवार को मान सरोवर डेंटल कॉलेज में स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के अंतर्गत चलो भोपाल को बनाए नंबर 01 की थीम पर आयोजित स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महापौर श्रीमती राय ने कॉलेज के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हम सब के लिए अत्यन्त आवश्यक है हमें न सिर्फ स्वयं की स्वच्छता की ध्यान देना चाहिए बल्कि अपने आसपास व अपने शहर को भी स्वच्छ बनाने की चिंता करनी चाहिए। महापौर श्रीमती राय ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के अंतर्गत निर्धारित स्वच्छता की गतिविधियों एवं घटकों के संबंध में जानकारी दी और कहा कि सभी नागरिक स्वच्छता की गतिविधियों में सक्रिय रूप से सहयोग करे।

# मप्र के 22 जिलों में हो सकती है अच्छी बारिश



**भोपाल ,यशभारत।** मध्यप्रदेश के 22 जिलों में अच्छी बारिश हो सकती है। इनमें रायसेन, सीहोर, भोपाल, राजगढ़, खंडवा, नर्मदापुरम, हरदा, खरगोन, बड़वानी, आलीराजपुर, बुरहानपुर, इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, अशोकनगर, श्यौपुरकलां, शिवपुरी, अनूपपुर, जबलपुर, मंडला एवं सागर जिलों में मध्यम स्तर की वर्षा होगी। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में राजस्थान से लगे उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। मानसून द्रोणिका उत्तर प्रदेश से लगी मप्र की सीमा से होकर गुजर रही है। इस दो मौसम प्रणालियों के असर से रुक-रुककर वर्षा का सिलसिला बना हुआ है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक बुधवार को विदिशा, बैतूल, गुना, छिंदवाड़ा एवं सिवनी जिले में भारी वर्षा की संभावना है।भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर सहित 22 जिलों में मध्यम स्तर की वर्षा हो सकती है। उत्तर-पूर्वी राजस्थान और उससे लगे उत्तर-पश्चिमी मप्र पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात मौजूद है। इन मौसम प्रणालियों के असर से प्रदेश के अधिकतर जिलों में वर्षा हो रही है। इस तरह की स्थिति अभी बनी रह सकती है। पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में नीचे के स्तर पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। तीन से चार दिन में चक्रवात के ऊर्जावान होकर आगे बढ़ने की संभावना है। उसके प्रभाव से प्रदेश में मानसून की गतिविधियों में तेजी आने लगेगी। मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक उज्जैन में 52, ग्वालियर में 40.3, पचमढ़ी में 10, बैतूल में छह, इंदौर में 5.2, खरगोन में पांच, धार में तीन, नर्मदापुरम में दो, भोपाल में 1.9, छिंदवाड़ा में 0.6 मिलीमीटर वर्षा हुई।जबलपुर, सागर और नौगांव में बूंदाबांदी हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी जेपी विश्वकर्मा ने बताया कि मानसून द्रोणिका वर्तमान में जैसलमेर, सीकर, उरई, सुल्तानपुर, पटना, मालदा से होते हुए अरुणाचल प्रदेश तक बनी हुई है।

**प्रदेश में हवा के ऊपरी भाग में बना हुआ एक चक्रवात**

## भवन विकास निगम के संविदा अधिकारी-कर्मचारी को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा

**भोपाल(ईएमएस)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के संविदा पर पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य शासन द्वारा अधिकृत मान्यता प्राप्त अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान की अध्यक्षता में आज निवास कार्यालय स्थित समत्व भवन में मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के संचालक मंडल की बैठक में निगम के अधिकारी और कर्मचारियों से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री चौहान ने निगम द्वारा विभिन्न विश्वविद्यालयों, संस्थानों के अभ्यर्थियों को इंटर्नशिप पालिसी में अधिकतम 50 अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 10 हजार रूपए मानदेय पर एक वर्ष की अवधि के लिए रखे जाने का अनुमोदन किया।

## जिला व जनपद पंचायत अध्यक्ष, सरपंच के मानदेय बढ़ाने को शिवराज कैबिनेट की मंजूरी

**भोपाल, यशभारत।** मप्र विधानसभा का इन दिनों मानसून सत्र चल रहा है। बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री शिवराज जी की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश विधानसभा के कैलाश समिति कक्ष क्रमांक-1 में कैबिनेट की बैठक वंदे मातरम् गायन के साथ प्रारंभ हुई। इस कैबिनेट बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष और सरपंच के मानदेय और वाहन भत्ता बढ़ाने को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी कि अब दो करोड़ से कम शुल्क राशि संग्रहण वाले टोल प्लाजा पर महिला स्वसहायता समूह शुल्क राशि वसूल करेंगे। इसके साथ-साथ शिवराज कैबिनेट द्वारा प्रदेश में 08 नवीन महाविद्यालयों की स्थापना, दो महाविद्यालयों में नवीन संकाय शुरू करने और 3 महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर के संकाय प्रारंभ करने को भी स्वीकृति प्रदान की। महाविद्यालयों में 489 नवीन पद सृजन की भी स्वीकृति दी गई। बैठक के दौरान मध्यप्रदेश क्षमता निर्माण नीति-2023 का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा कैबिनेट ने ग्राम रोजगार सहायक के मानदेय में वृद्धि पर अतिरिक्त व्यय राशि 274.95 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की।

## युवती से मनचले ने की अश्लील हरकत, भाई ने रोका तो की मारपीट



**भोपाल, यशभारत।** गांधी नगर में रहने वाली एक युवती के साथ मोहल्ले में रहने वाले युवक ने अश्लील हरकत की। जब युवती के भाई ने उसे समझाने का प्रयास किया तो उसके साथ आरोपित ने मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपित के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। गांधी नगर थाना पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 24 वर्षीय युवती एक कपड़े की दुकान पर काम करती है। मोहल्ले में रहने वाला प्रकाश नामक युवक काफी दिनों से उस पर बुरी नजर रख रहा था। तीन दिन पहले दोपहर करीब बारह बजे युवती काम पर जा रही थी, तभी रास्ते में प्रकाश ने बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकत की। पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने भाई को दी। अगले दिन भाई ने जब प्रकाश को समझाने का प्रयास किया तो उसने मारपीट कर दी। इसके बाद सोमवार देर रात पीड़िता ने थाने पहुंचकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। फिलहाल आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### अशोका गार्डन में नाबालिग से छेड़छाड़

इधर, अशोका गार्डन में भी एक नाबालिग से छेड़खानी का मामला सामने आया है। पुलिस मुताबिक इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी स्कूली पढ़ाई छोड़ने के बाद घर पर ही रहती है। सोमवार रात करीब ग्यारह बजे किशोरी अपने घर के सामने टहलते हुए किसी सहेली से फोन पर बातचीत कर रही थी। इसी दौरान वहां से निकला भीमू नामक युवक उस पर अश्लील कमेंट्स करने लगा। पीड़िता ने शोर मचाया तो उसका भाई घर से बाहर आया और भीमू को फटकार लगाई। इस पर भीमू ने गाली-गलौज करते हुए भाई के साथ मारपीट कर दी और भाग निकला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपित की तलाश भी जारी है।

## जालसाजों ने निकाला ठगी का नया तरीका, बिना कॉल-मैसेज बैंक अकाउंट कर रहे खाली

**भोपाल, यशभारत।** डिजिटल वर्ल्ड में साइबर क्राइम और ठगी के नए-नए मामले सामने आ रहे हैं। अब बिना कॉल-मैसेज के बैंक अकाउंट के पैसे गायब होने का मामला सामने आया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहकों ने इसको लेकर शिकायत दर्ज कराई है। ग्राहकों का कहना है कि उनके अकाउंट से पांच हजार से लेकर 25 हजार रुपये तक निकाले गए हैं। परेशान ग्राहकों ने जिसके बाद साइबर क्राइम में अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

**तीन दिनों में आई 30 शिकायतें-** मामला मध्यप्रदेश के भोपाल के बैंक ऑफ बड़ौदा का बताया जा रहा है। बिना कॉल-मैसेज के बैंक अकाउंट के पैसे गायब होने को लेकर ग्राहकों ने बैंक में शिकायत की लेकिन बैंक से कोई जवाब नहीं मिला। जिसके बाद ग्राहकों ने साइबर क्राइम में शिकायत की है। तीन दिनों में ही 30 लोगों के इस तरह की धोखाधड़ी को लेकर शिकायत की है।

**डाटा चोरी की आशंका जता रही पुलिस-** पुलिस बैंक की किसी ब्रांच से ग्राहकों का डाटा चोरी होने की आशंका जता रही है। जबकि बैंक का कहना है कि यह मामला क्लोनिंग का भी हो सकता है। इन पैसों को प्रदेश के बाहर के अकाउंट में ट्रांसफर किया गया है। वहीं एक अकाउंट से एक से अधिक बार ट्रांजैक्शन किया गया है। हैरान करने वाली बात यह है कि जिन ग्राहकों के अकाउंट से पैसे निकाले गए हैं, उन्हें किसी भी प्रकार का मैसेज या कॉल नहीं आया है और न ओटीपी प्राप्त हुआ है। ग्राहकों का कहना है कि उन्होंने एटीएम का भी इस्तेमाल नहीं किया है।

### एक ही शहर के हैं सभी ग्राहक

**बीते तीन दिनों में पुलिस के पास इस तरह की 30 शिकायतें दर्ज कराई गई हैं और सभी लोग भोपाल शहर के ही रहने वाले हैं। पुलिस का कहना है यह क्लोनिंग का मामला नहीं लग रहा है। पुलिस के अनुसार, यह क्लोनिंग का मामला होता तो शहर से बाहर के लोग भी इसका शिकार हो सकते थे, लेकिन सभी शिकायतें एक ही बैंक और एक ही जगह से आई हैं।**

## केंद्र और मप्र की भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का मौन सत्याग्रह

### कमलनाथ, जे.पी. अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ नेता हुये शामिल

**भोपाल यशभरत। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, अभा कांग्रेस के महासचिव और प्रदेश प्रभारी जे.पी. अग्रवाल एवं मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह की उपस्थित में आज केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ मौन सत्याग्रह प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय प्रांगण के सामने किया किया गया। मौन सत्याग्रह में कांग्रेस विधायकगण, कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।**




अभा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी केंद्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अडानी के संबंधों पर सवाल उठाकर उन्हें उजागर करते रहे हैं। भाजपा द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ कुटिल कदम उठाकर उनकी लोकसभा से सदस्यता को अयोग्य घोषित कर दिया गया, सत्ता के दुरूपयोग के खिलाफ सच्चाई और साहस के साथ अपनी लडाई लड़ने और जनता के मुद्दे उठाने में राहुल गांधी हमेशा आगे रहते हैं। देश और प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुये अब समय आ गया है कि हम एक साथ खड़े हो, और अपनी आवाज को बुलंद कर बतायें कि राहुल गांधी आप अकेले नहीं, करोड़ों कांग्रेसजन और आमजन सच्चाई और न्याय की लड़ाई में आपके साथ खड़े हैं।

राहुल गांधी जी द्वारा जारी सच्चाई और न्याय की इस लड़ाई में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने और जनविरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का मौन सत्याग्रह किया गया। मौन सत्याग्रह कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री अरूण यादव, सज्जन सिंह वर्मा, राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल, पीसी शर्मा, कमलेश्वर पटेल, पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा, राजीव सिंह, चंद्रप्रभाष शेखर, प्रकाश जैन, जे.पी. धनोपिया, आभा सिंह, गुरमीतर सिंह मंगू, चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी, मोर्चा संगठनों एवं श्रीमती विभा पटेल, योगेश यादव, आशुतोष चौकसे, विभागों, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता, प्रदीप अहिरवार, पुनीत टंडन, सच सलूजा, जिला अध्यक्ष मोनू सक्सेना, अरूण श्रीवास्तव सहित कांग्रेस विधायकगण, कांग्रेस पदाधिकारी, प्रवक्तागण, कार्यकर्ता, मोर्चा संगठनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# निजी विद्यालय शिक्षण सामग्री पर अंकित नहीं करा सकेंगे अपना नाम, भोपाल कलेक्टर के निर्देश

भोपाल, यशभारत। अब कोई भी निजी विद्यालय शिक्षण सामग्री पर अपना नाम अंकित नहीं करा सकेगा।इसके साथ ही विद्यालय द्वारा स्वयं सूचना पटल पर लिखा जाएगा कि किसी दुकान विशेष से सामग्री क्रय करने की बाध्यता नहीं है।कहीं से भी पुस्तकें और यूनिफार्म व अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्री खरीदी जा सकती है।

दरअसल कलेक्टर आशीष सिंह ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, विद्यालय के प्राचार्य, प्रबंधक के खिलाफ धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी।दुकान विशेष से सामग्री खरीदने का दवाब बनाए जाने के संबंध में अभिभावकों से शिकायत मिल रही थी। इसके बाद कलेक्टर ने प्रतिबंधात्मक ओदश जारी किए हैं।

**खुले बाजार से सुविधानुसार खरीद सकेंगे शिक्षण सामग्री**

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निजी विद्यालय जो कि माध्यमिक शिक्षा मंडल,केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और आईसीएसई बोर्ड से संबंद्ध है। इन सभी विद्यालयों को निर्देश का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।सभी अशासकीय विद्यालयों के लिए यह अनिवार्य है कि वह लेखक एवं प्रकाशक के नाम व मूल्य के साथ कक्षावार पुस्तकों की सूची और स्कूल यूनिफार्म विक्रेताओं की सूची विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित करें। शाला के विद्यार्थियों को ऐसी सूची मांगने पर उपलब्ध कराई जानी चाहिए जिससे उनके स्वजन पुस्तकों, यूनिफार्म को अपनी सुविधानुसार खुले बाजार से खरीद सकें।

### दो प्रतिष्ठानों पर उपलब्ध कराएंगे पुस्तक, यूनीफार्म

**अब प्रत्येक स्कूल प्रबंधक , प्राचार्य अपने स्कूल में हर कक्षा में लगने वाली पाठ्य पुस्तकों एवं स्कूल यूनीफार्म कम से कम दो प्रतिष्ठानों पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इतना ही नहीं इन प्रतिष्ठानों की जानकारी स्कूल के सूचना पटल एवं शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर भी दर्ज कराई जाएगी।वहीं पुस्तकों के अतिरिक्त शालाओं द्वारा यूनीफार्म, टाई, जूते, कापियां आदि भी उन्हीं की शालाओं से उपलब्ध, विक्रय कराने का प्रयास नहीं किया जाएगा।विद्यालय की स्टेशनरी, यूनिफार्म पर विद्यालय का नाम प्रिंट कराकर दुकानों से क्रय करने और एक विशिष्ट दुकान से यूनिफार्म व पुस्तक बेचना पूर्णत-प्रतिबंधित रहेगा।**

> **अब निजी स्कूलों द्वारा दुकान विशेष से पुस्तक, यूनिफार्म सहित अन्य सभी स्कूल सामग्री विक्रय कराने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही वह शिक्षण सामग्री पर अपना नाम भी दर्ज नहीं कर सकेंगे और सूचना पटल पर भी दुकान विशेष से सामग्री खरीदना बाध्यता नहीं हैं दर्ज करेंगे। यदि आदेशों का पालन नहीं किया जाता है तो एसडीएम और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्रवाई की जाएगी।**
>
> **आशीष सिंह, कलेक्टर**

# मुख्यमंत्री चौहान 17 को करेंगे स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ

**भोपाल यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 जुलाई को स्कूल चलें हम अभियान 2023 का शुभारंभ करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम शाजापुर जिले के गुलाना में नवनिर्मित सीएम राइज विद्यालय में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुलाना में 42 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुए प्रदेश के पहले सीएम राइज स्कूल भवन का लोकार्पण भी करेंगे। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दूरदर्शन एवं आकाशवाणी सहित अन्य संचार माध्यमों पर पूर्वान्ह 11 बजे से किया जायेगा, जो प्रदेश के सभी जिलों की समस्त शासकीय शालाओं में दिखाया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूल चलें हम अभियान 2023 को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। कार्यक्रम दिवस पर सभी शालाओं में एसएमडीसी, एसएमसी की विशेष बैठक एवं अभिभावक- शिक्षक बैठकें आयोजित की जाएंगी। इनमें शाला के पूर्व विद्यार्थियों एवं जन-प्रतिनिधिगण आमंत्रित होंगे। स्कूल चलें हम अभियान को जन आंदोलन में बदलने के लिए 17 से 19 जुलाई तक प्रदेश की समस्त शासकीय शालाओं में जन-समुदाय की सहभागिता में भविष्य से भेंट कार्यक्रम भी होंगे। इसमें विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध प्रभावशाली, प्रबुद्ध एवं सम्मानित व्यक्ति, स्थानीय विशिष्ट व्यक्ति आदि प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंटकर अपने अनुभवों को साझा करेंगे और बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करेंगे।**

# शातिर बदमाश की गिरफ्तारी, थाने में निर्वस्त्र फोटो खींचकर कर दिए वायरल



**भोपाल, यशभारत।** राजधानी के एक शातिर बदमाश राहुल निरापुरे का एक निर्वस्त्र वीडियो इन दिनों इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो रहा है। वीडियो में वह एक स्थान पर नग्न बैठा है। उस पर लिखा है कि राहुल किंग आफ मल्टी। बदमाश के स्वजनों ने मामले को लेकर भोपाल पुलिस आयुक्त से लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी गुहार लगाई है। राहुल ने इस मामले में टीटीनगर थाने के दो पुलिसकर्मियों पर वीडियो बनाकर उसे बहुप्रसारित करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पुलिस उपायुक्त ने जांच के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक राहुल निरापुरे की पत्नी ने पुलिस आयुक्त को शिकायती आवेदन देकर बताया है कि उसके पति को 22 अक्टूबर 2022 को हत्या की कोशिश के मामले में टीटीनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोप लगाया गया है कि उस दौरान एसआइ सुनील रघुवंशी और एएसआइ अखिलेश त्रिपाठी के निर्देश पर उसे थाने में नग्न करके उसके फोटो खींचे गए थे और वीडियो बनाया था। उसने पप्पू और गोविंद नाम के युवकों पर आरोप लगाया है। इन लोगों के कहने पर उसके नग्न फोटो बहुप्रसारित कर दिए गए। इसके बाद उनके पति की बदनामी हो गई है, इस कारण उसका घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। पत?नी का आरोप है कि इस मामले में टीटीनगर थाने में शिकायत की गई, लेकिन मामले को दबा दिया गया। अब इस मामले में थाना स्तर पर उसे धमकाया जा रहा है।

**दूसरा वीडियो बनाकर मांगी सीएम से मदद**

खुद राहुल ने भी पुलिस इस हरकत के कारण मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि उसके अश्लील फोटो लगातार बहुप्रसारित हो रहे हैं। उनको रोका जाए और दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके कारण उसकी बदनामी हो रही है। अगर उसे न्याय नहीं मिला तो अपनी जान दे देगा। इधर, पुलिस आयुक्त ने पूरे मामले की जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं।

> **राहुल शातिर बदमाश है। उस पर 30 के करीब मामले दर्ज हैं। अगर उसकी थाने से फोटो बहुप्रसारित हुई है तो पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होगी। जांच के निर्देश दिए गए हैं।**
>
> **- साईं कृष्णा थोटा, पुलिस उपायुक्त**

# जनसुनवाई में आए 139 आवेदकों की सुनी समस्याएं

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई जनसुनवाई

**कटनी,यशभारत।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिशिर गेमावत एवं अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने आमजनों द्वारा दिए गए आवेदनों पर सुनवाई की जाकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी एवं राकेश चौरसिया द्वारा भी जनसुनवाई में पहुंचे लोगों के आवेदनों पर सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 139 आवेदकों ने आवेदन दिए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जिला पंचायत, नगर निगम, जिला शिक्षा केन्द्र, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, श्रम अधिकारी, संस्थागत वित्त, सामाजिक न्याय विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।



जनसुनवाई में कटनी ईश्वरीपुरा वार्ड निवासी संगीता कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने न्यायालय तहसीलदार के समक्ष खिरहनी स्थित भूमि का सीमांकन हेतु 6 जून को ओवदन दिया था सीमांकन नहीं होने के कारण अन्य लोग भूमि पर कब्जा करनें की कोशिश कर रहे है, जिस पर सुनवाई की जाकर तहसीलदार कटनी को प्रकरण पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में केशव प्रसाद मिश्रा निवासी कैलवारा खुर्द ने बताया कि उसकी जमीन बोहता ग्राम पंचायत पौसरा अंतर्गत आती है की नाप कराये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई की जाकर अनुविभागीय अधिकारी कटनी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तहसील ढीमरखेडा ग्राम पंचायत आमाझाल निवासी सुहागबाई रजक नें आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि भरण पोषण की व्यवस्था कराने के साथ ही उसकी जीवन यापन की जमीन को अनावेदकों द्वारा जबरदस्ती छीन लेने व आवेदिका के प्रधानमंत्री आवास को अनावेदकों द्वारा छीनकर आवेदिका को दर-दर भटकने पर मजबूर कर देने संबंधी शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी ढीमरखेडा को भरण-पोषण अधिनियम अंतर्गत दर्ज कर गुणदोष के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान हीरापुर कौड़िया निवासी कमलेश चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीसरी किस्त की राशि प्राप्त नहीं होनें के संबंध में जानकारी दिये जाने पर जिला पंचायत कटनी को आवश्यक कार्यवाही के नर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान बाबूलाल कुशवाहा द्वारा कैमोरी में लाईट एवं रोड संबंधी समस्या, राकेश चौधरी द्वारा विद्युत बिल अधिक आने, गिरजी लाल चौधरी द्वारा नवीन नलकूप के संबध में, राधिका प्रसाद गर्ग की वृद्धावस्था पेंशन संबंधी शिकायत सहित अन्य शिकायतों पर सुनवाई की जाकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निरकरण के निर्देश दिए गए।



# अब शहर में प्रतिदिन होगी जलापूर्ति

### महापौर ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में लिया निर्णय

**कटनी,यशभारत।** कटनी गत वर्ष अमकुही बैराज में जल की उपलब्धता कम होने एवं ग्रीष्मकाल में भी नागरिकों को पेयजल आपूर्ति किए जाने के दृष्टिकोण से नदी के माध्यम से होने वाली पेयजल आपूर्ति में सप्ताह के 2 दिवस कटौती की जा रही थी। लेकिन गत दिनों में हुई अच्छी वर्षा के फलस्वरूप वर्तमान में कटनी नदी बैराज ओवरफ्लो की स्थिति में है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए आगामी आदेश तक कटनी नदी के माध्यम से शहर को 45 मिनट प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति कराने का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी से फोन पर चर्चा उपरांत जलकार्य समिति अध्यक्ष अवकाश जायसवाल द्वारा अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी पर बैठक में लिया गया। इस दौरान वरिष्ठ पार्षद मिथिलेश जैन सुरेंद्र गुप्ता शशिकांत तिवारी श्रीमती सीमा श्रीवास्तव श्रीमती अलका पांडे संदीप यादव जल प्रदाय विभाग के कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा सहायक यंत्री अश्विनी पांडे मृदुल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिले में 331.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी,यशभारत।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 11 जुलाई की प्रातः तक की अवधि तक कुल 331.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 196.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 132.1 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 277.6 मिलीमीटर, रीठी में 348.5 मिली मीटर, बड़वारा में 333.0 मिलीमीटर, बरही में 270.0 मिलीमीटर, विगढ़ में 211.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद में 257.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 542.0 मिलीमीटर एवं ढीमरखेड़ा में 411.5 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

# शासकीय कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस




**कटनी,यशभारत।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में छात्राओं को विशेष सुविधाएँ प्रदान किए जाने के साथ ही अतिथि शिक्षकों के मानदेय एवं पुस्तकों हेतु पर्याप्त बजट उपलब्ध होने, विद्यालय में स्मार्ट टी.वी. व लाईब्रेरी की सुविधा जिसके माध्यम से छात्राओं को बेहतर सुविधा दी जा सकती थी। इसके अतिरिक्त छात्राओं को गणवेश, किताबें व स्टेशनरी का सामान भी निःशुल्क प्रदान करनें के पश्चात भी कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षाफल कम आनें पर कलेक्टर अवि प्रसाद नें शासकीय कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा विगत दिवस किये गए निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 490 में से मात्र 143 छात्राएं उपस्थित पाए गए जबकि शैक्षणिक सत्र माह जून में ही प्रारंभ हो गया था। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेश में प्राचार्य द्वारा शैक्षणिक कार्यों के प्रति गंभीर लापरवाही व उदासीनता के साथ ही रुचि न लेने के कृत्य को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विरुद्ध मानते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया जाकर तीन दिवस के भीतर कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। समय सीमा से उत्तर प्राप्त न होने अथवा उत्तर संतोषजनक न होने पर संबंधित कि विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का लेख किया गया है।



## मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**कटनी,यशभारत।** माधव नगर की सामाजिक संस्था बढ़ते कदम ने केवलानी फॉउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित सम्मान समारोह में कटनी माधव नगर के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले पांचवी से बारहवीं कक्षा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 250 छात्र–छात्राएं सम्मानित हुए छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्कूल बैग देकर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि कटनी विधायक संदीप जायसवाल ने बच्चों को आशीर्वाद वचन देकर प्रोत्साहन स्वरूप सभी बच्चों को 501रूपये की राशि उनके बैंक अकाउंट में भेजने की घोषणा की। इस मौके विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, झम्मट मल ठारवानी, पोहुराम केवलानी, निरंजन पंजवानी, रामचंद आसरानी, मनोहर बजाज, मोहन लाल बत्रा, प्रेम बत्रा, अनिल केवलानी, देवराज केवलानी, प्रकाश आहूजा, निरंजन पंजवानी, मनीष गई, दौलत राम मेहानी, अर्जुनदास श्रीचंदानी, पार्षद ईश्वर बहरानी, पार्षद गोविंद चावला, एवं बड़ी संख्या में छात्र.छात्राओं के पालक गण उपस्थित थे।मंच संचालन शिकागो की स्कूल के प्रभारी मोहनदास नागवानीए समाजसेवी जयराम दास गुरनानी ने किया बढ़ते कदम संस्था ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## नारेबाजी करते हुए जुलूस एसडीएम कार्यालय पहुंचा

# भूमिहीनों को मालिकाना हक दिलाने सौंपा ज्ञापन



**कटनी,यशभारत।** एक जुलूस विजयराघवगढ़ आजाद चौक से प्रारंभ होकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचा जहां समाजवादी पार्टी जिंदाबाद अखिलेश यादव जिंदाबाद भूमिहीनों को भूमि का मालिकाना हक हटा दिया जाए आदि मांगों का नारा लगाते हुए एसडीएम का घेराव किया गया घेराव के उपरांत जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी जावेद भाई ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों गरीबों युवाओं की आवाज समाजवादी पार्टी उठाने का काम करेगी समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शकील ने कहा कि समाजवादी पार्टी एक आंदोलन का नाम है आंदोलनों संघर्षी समाजवादी पार्टी बनी है हम दलितों गरीबों आदिवासियों की लड़ाई हमेशा किया है इस मौके पर राजू गुप्ता हैंडली ज्वेल कमलेश भूमिया श्याम भाई बिट्टू भाई भूमिया रोशनी बाई भूमिया मंकी भाई भूमिया मीराबाई भूमिया रूपा बाई भूमिया, कली बाई भूमिया, रजनी बाई भूमिया, सुनीता बाई भूमिया, कौशल्या बाई भूमिया सुशीलाबाई भूमिया, ऐश्वर्या भाई भूमिया, अंजू भाई भूमिया, शकी भूमिया, शारदा भूमिया सिद्धू भूमिया फूलचंद भूमिया नेवल भूमिया, माया भाई चौधरी, पानबाई चौधरी, कल्पना चौधरी पक्षी भाई चौधरी नेमी, भूमिया दुबिया गुजराती भूमिया, प्रीतम भूमिया प्रकाश चौधरी राकेश चौधरी पीतम चौधरी राजकुमार भूमिया कजीबारी सुशीलाबाई भूमिया संतलाल कोल छिदामी भूमिया श्याम भाई भूमिया सुनीता भूमिया संतलाल कोल सुरेश यादव नारायण पटेल सुदामा यादव राजेश कुशवाहा रमेश पांडे बंटी चतुर्वेदी मनोज दुबे आदि प्रमुख सपा कार्यकर्ता की उपस्थिति रही।



## वाह भाई वाह में पुनः पहुंची प्रियंका मिश्रा

**कटनी,यशभारत।** फेमस कवि और प्रसिद्ध कलाकार शैलेश लोढ़ा के द्वारा संचालित शेमारू टीवी के चर्चित शो वाह भाई वाह में पुनः विजयराघवगढ़ निवासी कवित्री प्रियंका मिश्रा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। शैलेश लोढ़ा के आमंत्रण पर वे 10 जुलाई को मुंबई में कार्यक्रम की शूटिंग के लिए गई है और कार्यक्रम की शूटिंग आज ही होगी।प्रियंका मिश्रा इससे पहले भी वाह भाई वाह में भाग ले चुकी है तथा विजयराघवगढ़ के नाम रोशन कर चुकी है। प्रियंका मिश्रा कवि सम्मेलनों के लिए दिल्ली भोपाल इंदौर उत्तर प्रदेश समेत कई शहरों में जा चुकी है।

## समर्थन मूल्य पर ग्रीष्म कालीन मूंग व उड़द उपार्जन कार्य की समीक्षा

# किसी भी हाल में किसानों को असुविधा और परेशानी ना हो-कलेक्टर



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने मंगलवार को मूंग एवं उड़द उपार्जन की समीक्षा के दौरान पूरी पारदर्शिता के साथ 31 जुलाई तक एफ ए क्यू स्तर की मूंग और उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा या परेशानी किसी भी स्थिति में नहीं होनी चाहिए। बैठक में उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा,जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र कुमार शुक्ला, सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील, जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी, कृषि उपज मंडी सचिव देवेंद्र सिंह ठाकुर और सर्वेयरगण मौजूद रहे। कलेक्टर श्री प्रसाद ने खरीदी केंद्रों पर बारदाना ,धागा, टैग्स ,मास्चराइजर मीटर सहित अन्य लॉजिस्टिक्स की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । उन्होंने सभी सर्वेयर्स को मानक गुणवत्तायुक्त ही मूंग व उड़द उपार्जित करने की हिदायत देते हुए कहा कि समर्थन मूल्य पर खरीदी केंद्रों में केवल किसानों की ही मूंग खरीदी किया जाना सुनिश्चित हो ।गोदामों से मूंग निकासी पर प्रतिबंध लगाया गया है ।ग्रीष्मकालीन मूंग की रीसाइकिलिंग गोदाम स्तर पर ना हो इसके लिए खरीदी केंद्र के नजदीकी गोदामों में भंडारित स्कंध का सत्यापन किया जाए। साथ ही गत वर्षों के भंडारित स्कंध का परिवहन बिना अनुमति किसी भी स्थिति में नहीं किया जाए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने विगत वर्षों में उपार्जित क्रय-विक्रय से मूंग व उड़द की भंडारित मात्रा की रिसाइकिलिंग रोकने, गोदामों में भंडारित मूंग व उड़द की मात्रा का सत्यापन करने दल गठित कर दिया है। संबंधित नायब तहसीलदार अपने क्षेत्र के लिए प्रभारी अधिकारी तथा संबंधित राजस्व निरीक्षक एवं मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में सत्यापन कार्य करेंगे।

### 1826 किसानों ने बुक कराया स्लाट

जिले के आठ खरीदी केंद्र में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग व उडद की खरीदी होने की जानकारी बैठक में दी गई। जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन हेतु 6735 और उड़द उपार्जन हेतु 1911कृषक पंजीकृत हैं ।जबकि अब तक किसानों द्वारा 1826 स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है ।इसके अलावा 186 किसानों से समर्थन मूल्य पर 367 मैट्रिक टन मूंग की खरीदी की जा चुकी है। किसानों से 7755रूपये प्रति क्विंटल की दर से मूंग और 6600रूपये प्रति क्विंटल की दर पर उड़द का उपार्जन किया जा रहा है।समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द का उपार्जन सीडब्ल्यूसी वेयरहाउस इंद्रानगर, तिवारी ब्रदर्स वेयरहाउस स्लीमनाबाद ,शिवान्या वेयरहाउस झिन्ना पिपरिया ,राय वेयरहाउस हाउसिंग बड़वारा, ललित राज वेयरहाउस पिपरिया कला ,एस डब्ल्यू सी ओपन कैंप नवनिर्मित गोदाम बहोरीबंद, रिया वेयरहाउस ग्राम देवरा कला और साई वेयरहाउस देवगांव खरीदी केंद्रों में मूंग व उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है।

## 7 महिला स्वसहायता समूहों को प्राधिकार पत्र जारी

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर तहसील बरही अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित खितौली द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान करेला दुकान कोड 4202049, बगदारा दुकान कोड 4202052, जगुआ दुकान कोड 4202050, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पिपरियाकला द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान सिरौंजा गड़रिया दुकान कोड 4202063, लुरमी दुकान कोड 4202055 तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बरही द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान बिचपुरा दुकान कोड 4202040, कुंआ दुकान कोड 4202041विक्रेता विहीन होने पर संस्थाओं को पूर्व में जारी प्राधिकार पत्र निरस्त किया जाकर नवीन प्राधिकार पत्र जारी किये गए है।

## विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**कटनी,यशभारत।** विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वतंत्र, शातिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्धेश्य से विभिन्न कार्यो को संपादित करने के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को सोमवार को कार्यालय कलेक्टर के नवीन सभागार में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री राकेश बागी एवं विनोद दुबे द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय कया गया इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोमानुस टोप्पो सहित समस्त नोडल अधिकारियों की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण के दौरान विधानसभा क्षेत्र 91 बडवारा, 92 विजयराघवगढ़, 93 मुड़वारा, 94 बहोरीबंद के अंतर्गत सम्मिलित तहसीलों तथा तहसील एवं विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आनें वाले कुल मतदान केन्द्रों की जानकारी के साथ ही विधानसभावार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की जानकारी प्रदाय की गई।

## 10 हितग्राहियों को मिले श्रमिक संनिर्माण कर्मकार मंडल के कार्ड

# पांच हितग्राही हुए लाभान्वित, दो लाख की सहायता राशि बैंक खातों में की अंतरित



**कटनी,यशभारत।** कटनी मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनकल्याण के उत्थान एवं उनको आर्थिक विपत्ति में सहारा देने के मुख्य उद्देश्य संचालित की जा रही मुख्यमंत्री संनिर्माण योजना के तहत भोपाल से प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।स्थानीय कार्यक्रम नगर पालिक निगम द्वारा नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे एमआईसी सदस्यो एवं सम्मानीय पार्षदों की मौजूदगी में नगर निगम परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें शहर के पांच हितग्राहियों क्रमशः लल्ला कोल पिता सोना कोल संजय दुबे पत्नी दीप्ति दुबे राधा नामदेव पति संतोष नामदेव सुशीला केवट एवं लखन लाल यादव को दो लाख रुपए प्रत्येक हितग्राही के हिसाब से उनके खातों में राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। इसके अलावा मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य श्रमिक सनिर्माण कर्मकार मंडल के दस पात्र हितग्राहियों को जिसमें प्रतिभा सकतेल राजकुमार चौधरी जाहिदा विजय बर्मन मुन्नी बाई सिमनू पटेल वासुदेव बर्मन अमित त्रिपाठी शिवदत्ता बर्मन कमलेश बर्मन को श्रमिक कार्डो का वितरण भी किया गया। इन कार्डधारियों द्वारा शासन की महत्वकांक्षी योजना का लाभ लिया जा सकेगा। इस दौरान एमआईसी सदस्य श्रीमती बीना बैनर्जी सुभाष साहू उपायुक्त पीके अहिरवार सहायक राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक योजना प्रभारी रवि शंकर पांडे कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा पार्षद श्याम पंजवानी शशिकांत तिवारी राजेश भास्कर ओमप्रकाश सोनी विनोद यादव सुशीला मिश्रीलाल गोटिया श्रीमती सीमा श्रीवास्तव श्रीमती शकुंतला सोनी श्रीमती सुमित्रा रावत गोविंद चावला सहित अधिकारियों कर्मचारियों सम्मानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show

From 07th July 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 07 July to 13 July, 2023

| Audi-01 | Show | Rate |
|---|---|---|
| Neeyat | 11.00.00 AM | 100-100-100-250 |
| Neeyat | 1.30.00 PM | 130-160-190-350 |
| Neeyat | 4.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Neeyat | 7.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Neeyat | 10.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Audi-02 | Show | |
| Satyaprem Ki Katha | 1.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 4.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 7.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 10.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Audi-03 | Show | |
| 1920 Horrors of the heart | 12.30.00 PM | 120-150-150 |
| Zara Hatke Zara Bachke | 3.30.00 PM | 120-150-150 |
| 1920 Horrors of the heart | 6.30.00 PM | 120-150-150 |
| 1920 Horrors of the heart | 9.30.00 PM | 120-150-150 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# अश्विन ने एक ही झटके में बनाए कई रिकॉर्ड

## WTC फाइनल में नहीं खिलाने के फैसले को गलत साबित किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच के पहले ही दिन रोहित शर्मा की टीम इंडिया ने मेजबान पर शिकंजा कस दिया है. आर. अश्विन की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के चलते इंडीज टीम की पहली पारी 64.3 ओवर्स में महज 150 रनों पर सिमट गई. जवाब में टीम इंडिया ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट खोए अपना स्कोर 80 रन तक पहुंचा लिया था. स्टंप्स के समय यशस्वी जायसवाल 40 और कप्तान रोहित शर्मा 30 रन बनाकर क्रीज पर थे. मैच का पहला दिन ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के नाम रहा. उन्होंने 24.3 ओवर के अपने स्पैल में महज 60 रन देकर 5 विकेट लिए. अपने इस 'पंजे' के साथ उन्होंने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्हें नहीं खिलाने के भारतीय टीम मैनेजमेंट के फैसले को गलत साबित कर दिया. टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 33वीं बार पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए हैं. आर अश्विन ने अल्जारी जोसफ को आउट कर इस पारी का तीसरा विकेट झटका. इसी के साथ भारतीय दिग्गज ने अपने 700 इंटरनेशनल विकेट भी पूरे कर लिए. इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 5 Wickets Haul के इंग्लैंड के स्टार तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया. एंडरसन ने 181 टेस्ट में 32 बार पांच या इससे अधिक विकेट लिए हैं जबकि यह यह 93वां टेस्ट ही है.पांच या इससे अधिक लेने के मामले में रंगना हेराथ, अनिल कुंबले, रिचर्ड हैडली, शेन वॉर्न और मुथैया मुरलीधरन ही अब अश्विन से ऊपर हैं. इंडीज की पारी के दौरान अल्जारी जोसेफ के रूप में तीसरा विकेट लेते ही अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट में700 विकेट पूरे कर लिए. इंटरनेशनल क्रिकेट में अब उनके नाम 702 विकेट हैं जिसमें टेस्ट क्रिकेट मेंमें 479, 113 वनडे मैचों में 151 और 65 टी20I में 72 विकेट शामिल हैं. ऑफ स्पिनर को बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए बेहद घातक माना जाता है. WTC फाइनल की ऑस्ट्रेलियाई टीम में पर्याप्त संख्या में लेफ्ट हेंडर्स होने के चलते अश्विन को प्लेइंग झ्रढ्ढ में स्थान देने की दलील दी जा रही थी लेकिन उन्हें टीम में जगह नहीं मिली. इंडीज के खिलाफ मैच की पहली पारी में अश्विन ने जिन पांच बैटरों को शिकार बनाया उसमें से दो-तेगनारायण चंद्रपाल व एलिक एंथोज बाएं हाथ के बैटर हैं. वेस्टइंडीज के तेगनारायण चंद्रपाल को आउट करते ही अश्विन एक अलग तरह की उपलब्धि हासिल की. वे टेस्ट क्रिकेट के उन चंद गेंदबाजों में है जिन्होंने पिता और पुत्र को आउट किया है. अश्विन 2011 में तेगनारायण के पिता शिवनारायण चंद्रपाल को आउट कर चुके हैं. उनके अलावा इंग्लैंड के इयान बॉथम (लांस और क्रिस केर्न्स), पाकिस्तान के वसीम अकरम (लांस और क्रिस केर्न्स), ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टॉर्क (शिवनारायण और तेगनारायण चंद्रपाल) और दक्षिण अफ्रीका के शिमोन हार्मर (शिवनारायण और तेगनारायणचंद्रपाल) ऐसा कर चुके हैं. टेस्ट के पहले दिन अश्विन ने तेगनारायण को आउट करते हुए अश्विन करते ही सबसे अधिक बार विपक्षी बैटर को बोल्ड करने के अनिल कुंबले के रिकॉर्ड को तोड़ा. कुंबले ने अपने टेस्ट करियर में 94 बैट्समैन को बोल्ड किया था जबकि अश्विन अब 95 बार ऐसा कर चुके हैं. कपिल देव इस मामले में तीसरे स्थान (88) स्थान पर हैं।

# रोहन बोपन्ना और एबडेन का कमाल, शानदार जीत विंबलडन के सेमीफाइनल में बनाई जगह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेनिस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन में आए दिन एक से एक रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। विंबलडन अब धीरे-धीरे अपने आखिरी राउंड के मुकाबलों में पहुंच चुका है। इसी बीच भारत के रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मुकाबले तक पहुंच गए हैं। अब ये जोड़ी खिताबी जीत से सिर्फ 2 कदम दूर है।

### सेमीफाइनल में बोपन्ना और एबडेन

भारत के टॉप डबल्स खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने विंबलडन में अपना शानदार सफर जारी रखते हुए क्वार्टर फाइनल में टालोन ग्रिक्सपुर और बार्ट स्टीवंस की जोड़ी को बुधवार को यहां कड़े संघर्ष के बाद 6-7, 7-5, 6-2 से शिकस्त दी।

### तीसरी बार बनाई सेमीफाइनल में जगह

बोपन्ना तीसरी बार विम्बलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे है। यह 43 साल का खिलाड़ी इससे पहले 2015 में विंबलडन के अंतिम चार में पहुंचा था। 2010 में अमेरिकी ओपन उपविजेता बोपन्ना ने पुरुष युगल में चार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को अब फाइनल में पहुंचने के लिए शीर्ष वरीयता प्राप्त नीदरलैंड और ब्रिटिश खिलाड़ी की जोड़ी वेस्ले कूलहोफ और नील स्कूपस्की की चुनौती से पार पाना होगा।

### जीता कड़ा मुकाबला

बोपन्ना और एबडन की जोड़ी एक घंटे और 54 मिनट तक चले मुकाबले में पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की। पहले सेट को टाई ब्रेक में गंवाने के बाद इस जोड़ी ने दूसरे सेट को टाई ब्रेक में जीता। दूसरे सेट को जीतने के बाद आत्मविश्वास से भरे भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की जोड़ी ने निर्णायक सेट में प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया।

# चेतेश्वर पुजारा के लिए मुश्किल हुई वापसी की राह! रोहित शर्मा और शुभमन गिल के बयान से मची सनसनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस वक्त वेस्टइंडीज के दौरे पर है जहां पहले टेस्ट के साथ टेस्ट सीरीज का आगाज भी हो गया है। इस दौरे पर टेस्ट टीम से दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को ड्रॉप कर दिया गया है। हालांकि, बाहर होते ही पुजारा ने दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में वेस्ट जोन से खेलते हुए शानदार शतक जड़ दिया। पर इसके बावजूद अब उनकी टीम इंडिया में वापसी की राह आसान नहीं नजर आ रही है। दरअसल सबसे बड़ी समस्या है पुजारा का इंटरनेशनल फॉर्म। इससे पहले भी वह काउंटी में रन बनाते आए थे लेकिन जब इंग्लैंड में WTC फाइनल के दौरान टीम इंडिया को उनकी जरूरत पड़ी तो वह फ्लॉप हो गए। इस कारण उनकी जगह लेने के लिए अब शुभमन गिल नंबर 3 पर तैयार हैं। वहीं यशस्वी जायसवाल ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग की जिम्मेदारी संभाल ली है। इसी बीच डोमिनिका में टेस्ट मैच शुरू होने से पहले कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल का जो बयान सामने आया उससे सनसनी मच गई है। दरअसल इस बयान से साफ होता दिख रहा है कि टीम मैनेजमेंट ने अब नंबर तीन के लिए शुभमन गिल को तैयार करने का मन बना लिया है। वहीं ओपनिंग पर यशस्वी जायसवाल ने डोमिनिका टेस्ट के पहले दिन तक शानदार बल्लेबाजी की और नाबाद रहते हुए 40 रन बनाए। अब अगर गिल भी नंबर तीन पर खुद को साबित कर देते हैं तो दिग्गज दाएं हाथ के बल्लेबाज पुजारा के लिए वापसी की राह कठिन हो सकती है। 35 वर्षीय पुजारा ने भारत के लिए 103 टेस्ट मैच खेलते हुए काफी नाम कमाया है लेकिन आज वह अपनी जगह बचाने के लिए संघर्ष करते दिख रहे हैं।

### क्या बोले गिल और रोहित शर्मा?

अब अगर शुभमन गिल और रोहित शर्मा के उस बयान की बात करें जिससे सनसनी मची है। शुभमन गिल ने टीम मैनेजमेंट से बात करते हुए खुद नंबर 3 पर खेलने की इच्छा जताई थी। इस बात का खुलासा उन्होंने खुद किया और बताया कि मैं खुद को नंबर तीन के बल्लेबाज के रूप में स्थापित करना चाहता हूं। कप्तान रोहित शर्मा ने भी बताया कि, गिल ने राहुल द्रविड़ से चर्चा की और टीम मैनेजमेंट के पूछे जाने पर नंबर 3 पर खेलने की इच्छा जताई। टीम मैनेजमेंट ने भी इस पर हामी भरी। अब इसके बाद यह साफ होता दिख रहा है कि यदि यह खिलाड़ी फेल हुए या फिर पुजारा ने बहुत ही कुछ अनोखा कारनामा किया तो ही उनकी टीम इंडिया में वापसी हो सकती है। वरना अब उनको काफी इंतजार करना पड़ सकता है। इस साल टीम इंडिया इस सीरीज के बाद फिर सीधे दिसंबर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेगी।

### साढ़े 4 साल में पुजारा ने लगाया सिर्फ एक शतक

चेतेश्वर पुजारा ने टीम इंडिया के लिए साल 2010 में टेस्ट डेब्यू किया था। राहुल द्रविड़ के जाने के बाद उन्होंने टीम के अंदर नंबर तीन की भूमिका को बखूबी संभाला। लेकिन पिछले चार साल से ज्यादा का समय हो गया लेकिन वह सिर्फ एक शतक लगा पाए। जनवरी 2019 में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में 193 रनों की पारी खेली थी। उसके बाद दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने नाबाद 102 रन बनाए। इसके अलावा इस साढ़े चार साल से ज्यादा के अंतराल में उनके बल्ले से कोई शतक नहीं निकला। पुजारा के नाम 103 टेस्ट मैचों में 7195 रन दर्ज हैं जिसमें 19 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। उनका टेस्ट औसत 43 से अधिक का है। साल 2010 से 2019 तक पुजारा ने हर साल करीब औसतन 46 के एवरेज से रन बनाए थे। लेकिन उसके बाद से 2023 तक उनका औसत सिर्फ 29 का रहा है। यह दिखाता ही उनका ग्राफ कितना गिरा है।

# इंग्लैंड की टीम ने 6 साल बाद किया ये बड़ा कारनामा ऑस्ट्रेलिया को हराते ही रिकॉर्ड्स की लगाई झड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम को 2 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन वनडे मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच को जीतते ही इंग्लैंड की महिला क्रिकेट ने इतिहास रच दिया है और बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। इंग्लैंड के लिए हीथर नाइट ने शानदार पारी खेली। उनकी वजह से ही इंग्लैंड की टीम मैच जीतने में सफल रही।

### इंग्लैंड की टीम ने किया कमाल

इंग्लैंड के खिलाफ मैच में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी एलिसा हीली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी की शानदार पारी की बदौलत 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 263 रनों का रनों का स्कोर खड़ा किया। यहां से ऑस्ट्रेलिया की जीत आसान लग रही थी, लेकिन इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और 49वें ओवर में ही टारगेट को चेस किया। इंग्लैंड महिला क्रिकेट का वनडे क्रिकेट में ये सफल रन चेस है।

### रुक गया विजय रथ

ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने अपना आखिरी मैच साल 2021 में भारत के खिलाफ हारा था, उसके बाद टीम ने लगातार 15 मुकाबले जीते थे, लेकिन अब उनका विजय रथ इंग्लैंड ने रोक दिया है। वहीं, अक्टूबर 2017 के बाद पहली बार इंग्लैंड की महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में जीत दर्ज की है।

### इंग्लैंड महिला टीम का ODI में सबसे सफल रन चेस

264 रन- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ
245 रन- न्यूजीलैंड के खिलाफ
243 रन- न्यूजीलैंड के खिलाफ
242 रन- न्यूजीलैंड के खिलाफ
239 रन- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ

### इंग्लैंड ने जीता मैच

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड को 264 रनों का टारगेट दिया। इंग्लैंड के लिए कप्तान हीथर नाइट ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 86 गेंदों में 75 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 1 छक्का शामिल था। इसके अलावा टैमी बाउमाउंट ने 47 रन, एलिस कैपसी ने 40 रन बनाए। इन खिलाड़ी की वजह से ही इंग्लैंड की टीम मैच जीतने में सफल रही।

## रंग संसार

# एकता बना रही लव सेक्स और धोखा की सिक्वल

### अक्षय कुमार की फिल्म से होगा टकराव



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड की फिल्म निर्माता एकता कपूर की सफल फिल्मों में से एक है लव सेक्स और धोखा, जो 2010 में प्रदर्शित हुई थी। अनुमानित 2 करोड़ की लागत से बनी इस फिल्म में राजकुमार राव और नुसरत भरुचा ने मुख्य भूमिकाएँ निभाई थीं। बॉक्स् ऑफिस पर इस फिल्म ने 10 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करके स्वयं को ब्लॉकबस्टर साबित किया था। अब एकता कपूर ने 13 साल बाद इस फिल्म के सीक्वल की घोषणा की है। इस घोषणा में उन्होंने इसकी प्रदर्शन तिथि का जिक्र किया, लेकिन यह नहीं बताया गया है कि इसमें कौन-कौन से सितारे काम करेंगे। एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 का पोस्टर शेयर करते हुए रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। हालांकि, फिल्म के स्टार्स के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। अब देखने वाली बात होगी की पहले पार्ट की तरह फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 में राजकुमार राव और नुसरत भरूचा ही नजर आते हैं और कोई नए स्टार्स दिखाई देते हैं। बताते चलें कि फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ट्विटर हैंडल पर जानकारी दी है कि सुधा कोंगरा के डायरेक्शन में बनने वाली अक्षय कुमार की नई फिल्म को नई रिलीज डेट मिली है। ये फिल्म 16 फरवरी, 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस तरह से अक्षय कुमार की फिल्म के साथ एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगी। बता दें कि एकता कपूर का प्रोडक्शन हाउस लगातार फिल्मों, ओटीटी कंटेन्ट और टीवी सीरियल को बनाने में लगा हुआ है। एकता कपूर को फिल्मों में सीमित सफलता मिली है, हालांकि इस सफलता में भी उन्होंने कुछ ऐसी फिल्में बनाई हैं जो दर्शकों को याद हैं।

# फिल्म बवाल का ट्रेलर यूट्यूब पर रिलीज

### प्राइम वीडियो ने ट्विटर पर शेयर किया ट्रेलर



**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म के ओटीटी रिलीज से पहले, बवाल का ट्रेलर यूट्यूब पर रिलीज हो गया। प्राइम वीडियो ने ट्विटर पर फिल्म का ट्रेलर शेयर किया है। ट्वीट में लिखा था, प्यार से बवाल तक का एक सफर ! साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित बवाल, 21 जुलाई को प्रदर्शित होगी, ट्रेलर अभी रिलीज। बवाल का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है और काफी चिंतन के बाद, यह फिल्म अब 21 जुलाई से ओटीटी प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। बवाल का प्रीमियर पेरिस के प्रतिष्ठित सैले गुस्ताव-एफिल थिएटर में होगा। इसके साथ ही यह आयोजन स्थल पर प्रदर्शित होने वाली पहली भारतीय फिल्म बन जाएगी। फिल्म में वरुण धवन एक इतिहास शिक्षक की भूमिका निभाते हैं जो छात्रों को गलत इतिहास पढ़ाता है, जो बाद में बवाल का कारण बनता है। जान्हवी कपूर और वरुण पहली बार प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए एक साथ आए। इस फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर के बीच दिखाई गई लव स्टोरी को वर्ल्ड वॉर 2 से कनेक्ट किया गया है। जो अपने आप में काफी दिलचस्प है। दिखाए गए ट्रेलर में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर के बीच रोमांटिक स्टोरी आगे जाकर एक बवाल का रूप लेती है। यही इस फिल्म की कहानी है। फिल्म का कॉन्सेप्ट काफी दिलचस्प और अलग है। जो दर्शकों को उत्साहित करने के लिए काफी है। गौरतलब है कि फिल्म बवाल के निर्देशक नीतेश तिवारी हैं। जो इससे पहले आमिर खान के साथ दंगल और सुशांत सिंह राजपूत स्टारर छिछोरे जैसी नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्म दे चुके हैं। अब उनकी ये फिल्म भी काफी दिलचस्प और अलग सी कहानी लेकर आ रही है। जिसे देखने के लिए फैंस भी एक्साइटेड हैं। साथ ही फिल्म में पहली बार वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी बन रही है। ऐसे में दर्शकों के लिए ये एकदम फ्रेश जोड़ी होने वाली है। यह फिल्म 21 जुलाई के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

# पुराना वीडियो देख प्रियंका को कर रहे ट्रोल

### बॉलीवुड के डांस मूव्स पर बिफरे लोग



मुंबई (ईएमएस)। इंटरनेशनल एक्ट्रेस एक्ट्रेस प्रियंका का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखने के बाद यूजर्स उन्हें सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल कर रहे हैं। दरअसल, प्रियंका चोपड़ा का यह वीडियो साल 2016 के एमी अवॉर्ड्स का है, जिसमें एक एंकर एक्ट्रेस से इंडियन सिनेमा के बारे में कुछ सवाल करती हैं और इंडियन फिल्मों के कुछ डांस मूव्स दिखाने के लिए कहती हैं। इस पर प्रियंका कहती हैं- इंडियन फिल्मों में हिप्स और बूब्स पर फोकस होता है। इसके बाद एक्ट्रेस डांस मूव्स करके दिखाती हैं। ये वीडियो देखने के बाद यूजर्स प्रियंका को जमकर ट्रोल कर रहे हैं। एक ने लिखा, हां वही सिनेमा, जहां तुम भी यही सब करती थीं और लोगों के आगे पीछे घूमती थीं। दूसरे ने लिखा, 2-4 हॉलीवुड फिल्में क्या कर लीं, भूल ही गई कि कौन हैं, कहां से आई हैं। अन्य एक ने कहा, इंडियन सिनेमा को इसे बैन कर देना चाहिए, फिर समझ आएगा। तो किसी ने लिखा, अच्छा है चल गई। प्रियंका चोपड़ा को हाल ही में अमेजन प्राइम की वेब सीरीज सिटाडेल में देखा गया था। अब वह जल्द ही बॉलीवुड फिल्म जी ले जरा में नजर आएंगी।बता दें कि बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक धाक जमाने वाली एक्ट्रेस प्रियंका अक्सर अपने बेबाक बयानों को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। कई दफा वह खुलकर अपनी बयानबाजी को लेकर सुर्खियों में आ चुकी हैं।


# राजकुमार हिरानी की डंकी बिकी 155 करोड़ में, अबतक की ऐतिहासिक डील



**मुंबई (ईएमएस)।** राजकुमार हिरानी की अगली फिल्म डंकी ने कमाई के मामले में अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। हालांकि अभी फिल्म रिलीज तो नहीं हुई लेकिन जियो सिनेमा ने 155 करोड़ में ओटीटी अधिकार खरीदे हैं। बता दें कि निस्संदेह राजकुमार हिरानी भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े निर्देशक हैं, जिन्होंने सामाजिक कॉमेडी क्षेत्र में क्लासिक्स के साथ दर्शकों का बार-बार दिल जीता है। उनकी अगली फिल्म डंकी है जिसमें शाहरुख खान मुख्य भूमिका में हैं और यह 2023 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 22 दिसंबर, 2023 को रिलीज होने के लिए तैयार है। जानकारी के अनुसार राजकुमार हिरानी और शाहरुख खान ने जियो सिनेमा के साथ सबसे बड़ी पोस्ट-थिएट्रिकल डिजिटल डील की है। एक सूत्र के मुताबिक, डंकी के डिजिटल अधिकार जियो सिनेमा को 155 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं। यह भारतीय सिनेमा के इतिहास में किसी एक भाषा में रिलीज हुई फिल्म के लिए सबसे बड़ी डील है। इसमें राजकुमार हिरानी के ब्रांड और शाहरुख खान के ब्रांड के एक साथ आने से काफी कुछ जुड़ा है। जानकारों का मानना है कि भारत के दो सबसे बड़े वैश्विक आइकन एक ऐसी फिल्म बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं जिससे वैश्विक प्रभाव पैदा करने की उम्मीद है, जिसके परिणामस्वरूप अब तक की सबसे बड़ी पोस्ट-थियेट्रिकल डील हुई है। हालांकि डंकी के साथ जियो सिनेमा प्लेटफॉर्म को वैश्विक स्तर पर ले जाने का विचार है और टीम नेटफ्लिक्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए ऐप को दुनिया भर में उपलब्ध कराने के लिए एक इंटरफेस पर भी काम कर रही है। 155 करोड़ रुपये डंकी को मिली रकम जवान को नेटफ्लिक्स के हिंदी वर्जन के लिए मिली रकम से भी ज्यादा है। डंकी राजकुमार हिरानी फिल्म्स के साथ रेड चिलीज एंटरटेनमेंट का सहनिर्माण है। फिल्म में तापसी पन्नू और विक्की कौशल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।








## शहर के अंदरूनी हिस्सों में बारिश के बाद नारकीय हो गए हालात, तुरंत होना चाहिए सुधार

# सीवर का लाभ मिला ना अमृत योजना का

**कटनी, यशभारत।** शहर में बारिश के पहले सड़कों का निर्माण व मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, जिसका दंश बारिश शुरू होते ही शहर के लाखों लोग व बाहर से आने वाली जनता भुगत रही है। हैरानी की बात तो यह कि शहर के मुख्य मार्ग दुर्दशा का शिकार हैं और जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे रह गए। जानकारी के अनुसार कटनी नदी पार पेट्रोल पंप से लेकर चाका हनुमान मंदिर तक 3 करोड़ रुपए की लागत से सीवर लाइन के ऊपर सड़क का डामरीकरण कराया जाना था। नगर निगम द्वारा यह ठेका एसएन कंस्ट्रक्शन को दिया गया था। बारिश के पहले सड़क चौड़ीकरण के चक्कर में पेंच फंसा रहा। अब बस स्टैंड के आगे मॉडल रोड के हाल बेहाल हो गए हैं। यहां से लोगों का आवागमन दुश्वार हो गया है। जर्जर सड़क की समस्या को लेकर लोगों में गुस्सा है। जिसके बाद नगर निगम द्वारा खुदी हुई सड़क व गड्ढों को भरवाने का काम गत दिनों शुरू कराया पर सड़क में ठेकेदार के द्वारा चचरी और गिट्टी डालकर सोल्डर को जेसीबी से ठीक कराया गया, लेकिन उसके बाजू से सीवर लाइन का घटिया निर्माण होने के कारण सड़क धस गई है। ऐसा एक जगह नहीं कई स्थानों पर देखा जा सकता है। शहर के मुख्य मार्ग डामलीकरण के बाद जैसे तैसे ठीक हुए लेकिन अंदरूनी हिस्से पूरी तरह से बर्बाद है। बारिश नहीं होने पार तो जैसे तैसे लोगों ने अपने दिन काट लिए पर बारिश होते ही अव्यवस्था उजागर हो गई। फिलहाल पाठक वार्ड तथा नई बस्ती में यह कार्य चल रहा है दोनों ही



जगह कुछ समय पहले ही सीमेंट क्रांक्रीट रोड बनी थी लोगों को सड़क से राहत मिली थी पर कुछ ही दिनों में इस सड़क की दर्दुशा हो गई। सीवर लाइन के साथ साथ अमृत योजना का काम भी चालू है पर जहां जहां सड़के खुदी हैं वहां वहां सीमेंट सड़क पर सीमेंट से और डामल सड़क पर डामल से सुधार कार्य तुरंत होना चाहिए। लोगों का कहना है कि अगर अभी सुधार नहीं हुआ तो फिर मामला राजनीति में फंस जाएगा और लोग न तो सीवर का लाभ उठा पाऐंगे न ही अमृत योजना का उनके हिस्से में आएगी तो सिर्फ समस्या। जिससे यहां के रहवासियों व व्यापारियों को खतरा मंडरा रहा है। सीवर लाइन डालने वाली केके स्पन कंपनी के भ्रष्टाचार व नगर निगम के अफसरों की बेपरवाही की फिर पोल खुलकर सामने आ गई है।

### बारिश के बाद पूरे मार्ग में कई गड्ढे

शहर में मॉडल रोड में भी कई गड्ढे हो गए हैं, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशान हो रही है। बारिश में जल भराव के कारण भी समस्या हो रही है। इसके अलावा चांडक चौक से लेकर घंटाघर मार्ग के भी परखच्चे उडने लगे हैं। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। पानी निकासी के लिए भी कोई अबतक खास इंतजाम नहीं किए गए।

### भ्रष्टाचार पर गिट्टी का पैंचवर्क

कटनी नदी पुल के आगे बस स्टैंड की ओर रोड धंस गई है। यह रोड पुरानी सड़क और नदी के नवनिर्मित पुल के दौरान बनाई गई सड़क के बीच में है। दो स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे। नगर निगम द्वारा गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण कराए जाने के कारण यह स्थिति बनी है। भ्रष्टाचार पर शनिवार को नगर निगम द्वारा गिट्टा का पैंचवर्क कराया गया है। चचरी-गिट्टी डाल देने से वाहन चालकों की मुसीबत और बढ़ गई है।

### इधर भी सीवर लाइन का सितम

पाठक वार्ड क्रमक 29 से लेकर वार्ड क्रमक 32 एवं मॉडल रोड ओवर ब्रिज रोड तक सीवर लाइन ठेकेदारों द्वारा पक्की सड़कों को उखाड़ कर लाइन डाली गई है। बाद में सड़क को ठीक कराना था, लेकिन नहीं कराया गया। भारी मात्रा में मिट्टी बिछा दर गई है, जिससे बारिश होते ही यहां पर दलदल की स्थिति निर्मित हो गई है। इस मार्ग से निकलने वाले पैदल, दोपहिया वाहन मिट्टी के कारण फिसलकर गिर रहे हैं। स्कूल जा रहे बच्चों को ज्यादा परेशानी हो रही है। लोग स्लिप होकर गिर रहे हैं व चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार नगर निगम के अधिकारियों को समस्या बताने के बाद भी किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने समस्या समाधान की मांग रखी है

## स्वीप गतिविधियों हेतु पीपीटी में प्रेजेंटेशन तैयार करने के निर्देश

**कटनी।** विधानसभा निर्वाचन हेतु जिला स्वीप नोडल अधिकारियों की कार्यशाला एवं समीक्षा आयोजित करने निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रोमानुस टोप्पो ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नोडल अधिकारी स्वीप तथा जिला परियोजना समन्वयक, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा डेढ़ दिवसीय कार्यशाला हेतु शासन निर्देशानुसार जिले के प्रेजेन्टेशन तैयार करने हेतु पी.पी.टी में जानकारी तैयार कर प्रेषित करने के निर्देश दिए गए है।

# आत्महत्या करने फुट ओवर ब्रिज से कूदा युवक ओएचई में फंसा

### करंट लगने से गई जान, शिनाख्त नहीं

**कटनी, यशभारत।** कटनी जंक्शन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर बुधवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया। जब एक युवक फुट ओवर ब्रिज से चढ़कर शेड में पहुंचा और सीधे प्लेटफार्म क्रमांक दो की पटरी में आत्महत्या करने के लिए कूद गया। इस दौरान वह इलेक्ट्रिक इंजन को संचालित करने वाली उच्च विद्युत दाब वाली ओएचइ लाइन की चपेट में आ गया और उसकी करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना के कारण पुणे-दानापुर एक्सप्रेस आधे घंटे तक प्लेटफार्म



पर खड़ी रही। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार शाम 5 बजे एक अज्ञात युवक प्लेटफॉर्म क्रमांक दो के फुट ओवर ब्रिज में चढ़ रहा था। बताया जा रहा है कि आंखों में कपड़ा बांधे हुए युवक सुसाइड करने के लिए ओवर ब्रिज से कूद गया। ओवर ब्रिज से कूदा युवक नीचे गिरने की बजाय ओएचई तार में फंस गया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई। इस दौरान प्लेटफॉर्म क्रमांक दो पर गाड़ी संख्या 12149 पुणे-दानापुर एक्सप्रेस लग रही थी। पायलट ने युवक को देख लिया तो आधे प्लेटफॉर्म में ही ट्रेन रोक ली। हादसे की खबर लगते ही स्टेशन प्रबंधक वी के शर्मा, जीआरपी प्रभारी पी के सिंह व अन्य अधिकारी पहुंचे। आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को अलग कराया। इस दौरान आधे घंटे तक ट्रेन आधे प्लेटफॉर्म पर खड़ी रही, शव ट्रैक से हटाकर यातायात को बहाल किया गया। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।


माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से संबद्ध 9893499886
Discount @40% ICMT COMPUTER INSTITUTE
DCA | TALLY | COMPUTER | SPOKEN ENGLISH
PGDCA | CPCT | HARDWARE COURSE | Competition Coaching
रामेश्वरम कैंपस विश्राम बाबा के पास दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने जबलपुर रोड कटनी

Join the BEST — अपने बच्चों का भविष्य स्वयं सुधारिये.....
in EDUCATION, in ATMOSPHERE, in DISCIPLINE — in GAMES & Overall
KIRAN NATIONAL PUBLIC SCHOOL
किरण नेशनल पब्लिक स्कूल
NURSERY, KG-I, KG-II, CLASS 1st TO 8th ENGLISH MEDIUM
मोहन नगर दुर्गा मंदिर के पास, कैलवारा रोड, कटनी (म.प्र.) मो. 9977500636

आवश्यकता है
टेली/बिजी सॉफ्टवेयर में डाटा फीडिंग करने हेतु पुरूष/महिला की आवश्यकता है।
वेतनमान 10,000/-
संपर्क मो. 9425465227

अच्छी शिक्षा अच्छे जीवन की आधारशिला
विगत 27 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रेजी/हिन्दी मा. का सफल संचालन कक्षा 10वीं/12वीं के सफलतम रिजल्ट के साथ प्रवेश प्रारंभ
विज्ञान/कला/कामर्स/कम्प्यूटर साइंस
कटनी पब्लिक हायर सेकेन्डरी स्कूल
पता- आधारकाप, केडीसी के पास जगमोहनदास वार्ड नई बस्ती, कटनी मो. 8989979488 (whatsup) 7000697892,
E-mail - kphsskatni@gmail.com
लक्ष्मीकान्त भारद्वाज

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

NOBLE HEART PUBLIC ENGISH MED. HIGHER SEC. SCHOOL
NURSERY, KG-I, KG-II TO 12TH CLASS
ADMISSION OPEN
10TH CLASS TOPPER 96% — कटनी जिले की मैरिट में तृतीय स्थान — VASHISHSHTH GURU
12TH CLASS TOPPER 92% — ANUSHKA DWIVEDI
NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI Mob. 7869484013, 7389678892

अपना गगन डिटर्जेंट पाउडर की डिस्ट्रीब्यूशन लेने के लिए संपर्क करें
9300840844

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

SAHIL MOBILE GALLERY
अपने सपनों को करें साकार
आपकी मनपसंद मोबाइल अब आसान किस्तों में उपलब्ध
सभी मोबाइल कंपनियों के लेटेस्ट मॉडल उपलब्ध
0 प्रतिशत ब्याज दर मोबाइल फाइनेंस उपलब्ध
6 माह, 8 माह, 10 माह एवं 12 माह की आसान किस्त
न्यूनतम डाउन पेमेंट तुरंत लोन अप्रूवल
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें- मो. 09755555860
oppo vivo realme SAMSUNG ONEPLUS NOKIA iQOO
झूलेलाल मार्केट स्टेशन रोड, कटनी (म.प्र.)

जीवन को समरस, सुसम्पन्न एवं सुसंस्कृत बनाने हेतु समर्पित विद्याभारती की वैचारिक एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का संस्थान विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से मार्गदर्शित सरस्वती शिक्षा परिषद से संबद्ध
(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त)
आई.एस.ओ. 9001- 2008 प्रमाणित
अटल टिंकरिंग लेब, स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर प्रयोगशाला
स्पोकन इंग्लिश क्लासेस की पृथक व्यवस्था
सरस्वती शिशु मंदिर / उच्च. माध्य. विद्यालय कटनी
नई बस्ती कटनी (म.प्र.)
कक्षा अरूण से द्वादश तक
दूरभाष -07622- 409413, 409975
धन्य कुमार गांधी अध्यक्ष | चंद्र प्रकाश बरसैंया व्यवस्थापक | पुरूषोत्तम माली प्राचार्य

डॉ. निशा श्रीवास्तव
एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003,
Email:-nisha.drent@gmail.com

SYNA INTERNATIONAL SCHOOL, KATNI (M.P.)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE POST OF PRT, TGT, PGT'S FROM SUITABLE CANDIDATES WITH EXCELLENT COMMUNICATION SKILLS & AT LEAST 3 YEARS OF EXPERIENCE FOR A REPUTED CBSE CO-EDUCATION BOARDING CUM DAY SCHOOL IN KATNI (M.P.)
We are HIRING
1. PRT - English: Graduate / Post Graduate in English with B.Ed. or NTT, PRT - Hindi: Graduate / Post Graduate in Hindi with B.Ed. or NTT, PRT - Math: Graduate / Post Graduate with Math as one of the subjects & B.Ed. or NTT
2. TGT - Math: Graduate / Post Graduate with Math as one of the subjects & B.Ed., TGT - Social Science: Graduate / Post Graduate with Geography as one of the subjects & B.Ed., TGT - Hindi: Graduate / Post Graduate with Hindi as one of the subjects & B.Ed.
3. PGT - Maths: Post Graduate and B.Ed., PGT - Physics: Post Graduate & B.Ed., PGT - Chemistry: Post Graduate & B.Ed., PGT - Accountancy: Post Graduate & B.Ed.
BAND MASTER, CLASSICAL & WESTERN MUSIC (INSTRUMENTAL)
COMPUTER MAINTENANCE & SYSTEM ADMINISTRATOR
THE SCHOOL SHALL OFFER AN ATTRACTIVE PAY PACKAGE & OTHER PERKS INCLUDING: Free Accommodation, Free Meals During Term Time, Medical Insurance, Personal Accident Policy, Exemption of fee to the wards of teaching staff, PF as per government rules, Higher start for deserving candidates
Interested candidates can share their resumes with expected salary & notice period on: ppl@synainternational.edu.in — whatsapp at +91 99775 83555

JAIN GROUP OF INSTITUTIONS
2023 Session Start SCHOOL ADMISSION New open for Entry
Approved by M.P. Board of Sec. Education to MPBSE Bhopal Affiliation Code- 744124
JAIN NURSERY
ENGLISH MEDIUM HIGHER SEC. SCHOOL
Class Nursery, KG-1, KG-2, to Class 12th
ART SCIENCE COMMERCE
MATHS & BIO GROUP
SMART FEATURES
- Smart Classes & Library - SMS Service to parents
- Surveillance Cameras in all class Room
- Computer & Science Labs
- Excellent Teachers with Good Communication Skills
प्रकाश जैन | वर्षा जैन, प्राचार्य
Shiv Nagar, Balaji Nagar, Nadipar, katni (m.p.)
Mo. 7999291401, E-Mail -jainnurseryschool@gmail.com

नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री | शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
स्कूल चलें हम अभियान — मध्य प्रदेश
राज्य स्तरीय आयोजन एवं जन सहभागिता के माध्यम से
भविष्य से भेंट कार्यक्रम
17 जुलाई 2023
स्कूल चलें हम अभियान को एक विशाल जन अभियान बनाने के संकल्प के साथ, आइए भविष्य से भेंट कार्यक्रम से जुड़ कर हम सब अपना अमूल्य योगदान सुनिश्चित करें। समाज के विभिन्न क्षेत्रों के सुप्रसिद्ध प्रभावशाली, प्रबुद्ध एवं सम्मानित वर्ग एवं स्थानीय विशिष्ट व्यक्ति प्रेरक के रूप में विद्यार्थियों से भेंट कर अपने अनुभव साझा करते हुए उन्हें एक बेहतर भविष्य गढ़ने हेतु प्रेरित करने सादर आमंत्रित हैं। सहभागिता हेतु निम्न लिंक के माध्यम से जुड़ें-
https://www.educationportal.mp.gov.in/mpsch/ लिंक के माध्यम से कृपया 17 से 19 जुलाई के मध्य अपनी सुविधा से किसी एक दिवस का और शाला का चयन करें।
कार्यक्रम के दौरान शालाओं में आमंत्रित व्यक्ति विद्यार्थियों को शाला उपयोग की वस्तुएं भेंट भी कर सकते हैं।
स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11058



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)